हरिभूमि

रायपुर भूमि

पूर्व एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन, सतनाम, समीर, सहदेव व्यवहार सहित राधेश्याम चुनाव हारे

ढेबर के पुराने वार्ड से उनकी धर्मपत्नी अर्जुमन ढेबर जीतीं चुनाव, विपक्षी बनने लायक भी ताकत नहीं

# रायपुर के इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन, 29 से 7 सीटों पर सिमटी कांग्रेस, आधी एमआईसी, पूर्व मेयर ढेबर हारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद रायपुर नगर निगम में केवल एक बार भाजपा का महापौर रहा है। सुनील सोनी महापौर बने। उसके बाद किरणमयी नायक, प्रमोद दुबे और एजाज ढेबर ने कांग्रेसी परंपरा को आगे बढ़ाया। रायपुर नगर निगम कांग्रेस का गढ़ माना जाता रहा है। नतीजे बताते हैं कि पार्षदों के मामले में कांग्रेस, भाजपा पर संख्या बल में भारी पड़ती रही है। लेकिन रायपुर के इतिहास में कांग्रेस पार्टी का इस चुनाव में सबसे खराब प्रदर्शन रहा। कांग्रेस पार्टी के महज 7 प्रत्याशी ही पार्षद का चुनाव जीत पाए। बीते चुनाव में कांग्रेस के 29 पार्षद थे। भारतीय जनता पार्टी ने 70 में से 60 प्रत्याशियों ने डंका बजाकर पार्षद पद का चुनाव जीता। खास बात ये रही कि निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर पार्षद पद का चुनाव हार गये। वहीं उनके परिषद के आधा दर्जन एमआईसी सदस्यों को हार का मुंह देखना पड़ा। इनमें वरिष्ठ पार्षद व पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, कांग्रेस से टिकट न मिलने पर बागी के रूप में आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ने वाले निवृत्तमान एमआईसी सदस्य समीर अख्तर, सहदेव व्यवहार चुनाव हार गये।

नगर निगम रायपुर में लगातार 3 बार शहर की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस को इस बार के निगम चुनाव में मुंह की खानी पड़ी। पहली बार ▶▶|शेष पेज 17 पर

## ढेबर हारे चुनाव, पत्नी अर्जुमन ने रख ली लाज

निगम चुनाव में दिलचस्प बात ये रही कि 5 साल तक विवादों और चर्चा में रहे पूर्व महापौर एजाज ढेबर पार्षद पद का चुनाव भी जीत नहीं पाये। पूर्व सभापति प्रमोद दुबे के पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर पार्षद के चुनाव में भाजपा से पहली बार निगम चुनाव लड़ रहे अमर गिदवानी ने उन्हें एक झटके में हार का स्वाद चखा दिया। अमर गिदवानी को 4900 और एजाज ढेबर को 3374 मत हासिल हुये। श्री ढेबर की धर्मपत्नी अर्जुमन ढेबर उनके पुराने वार्ड मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड से कांग्रेस के टिकट पर पार्षद पद का पहली बार चुनाव लड़ीं और चुनाव में जीत का परचम लहराकर पार्षद चुनी गईं।

## नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने निकाली विजयरैली




नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी में राजधानी में जश्न मनाया गया। एकात्म परिसर से भाजपा नेताओं के साथ रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने बैंड बाजे के साथ विजय रैली निकाली। यह रैली जयस्तंभ तक पहुंची। जीत की खुशी में नाचते-गाते कार्यकर्ताओं के साथ जीत के इस जश्न में मीनल चौबे भी थिरकती नजर आयीं। नगरीय निकाय चुनाव में शानदार प्रदर्शन को लेकर भाजपा की विजय रैली में कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। फूलमाला और गुलाल के साथ नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे का स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया। रैली में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता शामिल हुये।

## चुनाव हार गये विभार पिछले चुनाव में 1 वोट से जीती थी उनकी धर्मपत्नी

नगर निगम चुनाव में निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर की परिषद के एमआईसी सदस्य रहे अंजनी विभार राजस्व विभाग की भारसाधक सदस्य रहीं। वे एकमात्र ऐसी पार्षद रहीं जो 2019 के निगम चुनाव में मात्र 1 वोट से चुनाव जीतकर पार्षद बनीं। वीरांगना अवंतिबाई वार्ड से उन्होंने चुनाव लड़ा था। बाद में उन्हें महापौर एजाज ढेबर की परिषद में एमआईसी सदस्य के रूप में जगह दी गई। इस बार इसी वार्ड से कांग्रेस ने राधेश्याम विभार को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा। उन्हें भाजपा से खगपति सोनी ने हराया। खगपति सोनी को 3320 वोट हासिल हुये, जबकि राधेश्याम विभार को 1856 वोट से संतोष करना पड़ा।

## आरक्षण से पहले मेयर पद के दावेदार थे चुनाव हार गए

राजीव गांधी वार्ड से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चुनाव हार गए। सतनाम पनाग, श्रीकुमार मेनन महापौर पद के दावेदार थे। महापौर पद महिला होने की वजह से पार्षद का चुनाव लड़ा। दोनों ही चुनाव हार गए।

# छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार मेयर चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम आने के साथ ही राज्य में स्थानीय निकायों की सियासत का एक नया इतिहास बन गया है। राज्य गठन के बाद से यह पहला अवसर है, जब निगम की दस सीटों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। यानी इन दस निगमों में कांग्रेस का एक भी मेयर नहीं होगा। इस बार के चुनाव में अंबिकापुर और चिरमिरी में कांग्रेस की जीत की संभावना नजर आ रही थी, लेकिन परिणाम ने इस पर पानी फेर दिया है। इससे भी बड़ी बात ये है कि राज्य के सबसे बड़े निगम में जहां भाजपा जीत के लिए तरसती थी, वहां भी भाजपा ने कांग्रेस को इस बार जमकर पटखनी दी है।

## ये है रायपुर मेयर का चुनावी इतिहास

रायपुर में राज्य गठन के बाद 2000 से लेकर 2003 तक तरुण प्रसाद चटर्जी दो बार मेयर रहे। 2005 से 2010 के बीच हुए प्रत्यक्ष चुनाव में पहली बार भाजपा के सुनील कुमार सोनी ने जीत दर्ज की थी। 2010 से लेकर 2015 के बीच कांग्रेस की किरणमयी नायक, 2015 से 2020 तक कांग्रेस के प्रमोद दुबे मेयर रहे। खास बात ये है कि राज्य में 2003 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। यह सरकार 15 साल तक रही। इस भाजपा सरकार के रहते भी कांग्रेस 2010 से लेकर 2025 तक ▶▶|शेष पेज 17 पर

## कांग्रेस पहले भी जीतती रही है निगम

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल को छोड़ दिया जाए तो राज्य में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 साल के कार्यकाल में भी जब कांग्रेस विपक्ष में रही है, तब भी मेयर चुनाव में उसे जीत मिलती रही है। भाजपा सरकार के रहते कांग्रेस मेयर चुनाव में जहां जीता करती थी, उनमें अंबिकापुर प्रमुख है। यहां से कांग्रेस के डॉ. अजय तिर्की दो बार चुनाव जीतकर मेयर बने थे, लेकिन इस बार उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह भाजपा सरकार के रहते कांग्रेस कोरबा में मेयर चुनाव जीतने में सफल रही थी, लेकिन इस बार कोरबा में भी कांग्रेस हारी है।

## सभी दस सीटों पर सीधा मुकाबला, करारी हार

शनिवार को सामने आए निगम चुनाव के नतीजों से साफ हुआ है कि दस निगमों में मेयर पद के चुनाव के लिए राज्य की सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हुआ है। सभी सीटों पर कांग्रेस को हार का सामना ही नहीं करना पड़ा है, बल्कि करारी हार भी हुई है। इस बार राज्य में मेयर पद के लिए चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ है। यानी मतदाताओं ने मेयर चुनने के लिए सीधे मतदान किया है। 2019 के चुनाव में राज्य में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मेयर का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ था। इस समय पार्षदों के बीच से मेयर चुना गया था। इस बार सीधे चुनाव में भाजपा की मीनल चौबे ने कांग्रेस की दीप्ति प्रमोद दुबे को 1 लाख 53 हजार 290 वोटों से हरा दिया है। इससे पहले के चुनाव में कांग्रेस के एजाज ढेबर 2019 में जीते थे, लेकिन उस समय वे अप्रत्यक्ष प्रणाली से जीते थे।

## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्य रोकने युवक से मारपीट, तोड़फोड़ भी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने एक मोबाइल धारक तथा दो अन्य के खिलाफ मकान निर्माण में व्यवधान उत्पन्न करने के साथ ही तोड़फोड़, मारपीट कर तीन लाख रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दलदल सिवनी निवासी रितेश कुमार महतो ने अखिलेश सिंह, बसंत तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रितेश ने पुलिस को बताया कि वह फुंडहर में अपनी भूमि पर मकान निर्माण करा रहा है। निर्माण कार्य रोकने उसे मोबाइल से धमकी देने के साथ ही अखिलेश तथा उसके साथी मौके पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट, तोड़फोड़ कर निर्माण सामग्री उठाकर ले गए।

### सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा, रेप का आरोप

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवती ने एक प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक के खिलाफ सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर होटल में ले जाकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 29 वर्षीय युवती ने शिया चौहान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया है कि उसने नौकरी के लिए जॉब प्लेसमेंट एजेंसी में आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर शिया ने उसे सिंगापुर में नौकरी दिलाने तथा शादी करने का झांसा देकर होटल ले जाकर रेप किया। शिया पूर्व से विवाहित है।

### सोने में निवेश कराने के बहाने 15 लाख की ठगी

**रायपुर।** पंडरी थाने में एक व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ सोने में निवेश कराकर ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपए ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोका हाईट्स निवासी अनिल कुमार गुप्ता ने दिनातरण मंडल तथा अन्य के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि दिनातरण तथा तीन अन्य ने उसे सोने में निवेश करने पर भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। पैसे मांगने पर जालसाज अनिल को रकम देने में आनाकानी कर रहे हैं।

# पार्षद चुनाव में सबसे ज्यादा और सबसे कम वोट से जीत के रिकार्ड भी भाजपा प्रत्याशी के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


गोपेश साहू


महेंद्र खोडियार

■ गोपेश साहू ने 55 वोट से और महेंद्र खोडियार ने 4195 वोट से दर्ज की जीत

राजधानी रायपुर में पार्षद चुनाव में इस बार जीत-हार में सबसे कम और सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड भी भाजपा प्रत्याशी के नाम पर दर्ज हुए हैं। इसमें सबके कम 55 वोट से पं. मोतीलाल वार्ड-9 में भाजपा प्रत्याशी गोपेश कुमार साहू ने मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी गावेश साहू को पराजित किया है। इसी प्रकार राजीव गांधी वार्ड-11 में भाजपा प्रत्याशी महेंद्र खोडियार ने कांग्रेस प्रत्याशी नीतू घनश्याम तिवारी को 4 हजार 195 वोटों के बड़े अंतर से हराया है।

इससे पहले वर्ष 2019 के निगम चुनाव में वीरांगना अवंतिबाई वार्ड-6 में सिर्फ एक वोट ने भाजपा-कांग्रेस के बीच जीत-हार का कारण बना था। यह चुनाव कांग्रेस नेता राधेश्याम की पत्नी अंजली विभार ने जीता था। इस तरह से यह मुकाबला सबसे ज्यादा रोमांचक हुआ था, जिसके कारण इस वार्ड का चुनाव मीडिया से लेकर शहर में सुर्खियों में भी रहा था। हालांकि इस बार इतना ▶▶|शेष पेज 17 पर

## निर्दलीय से भाजपा में शामिल हुए गोपेश बहुत कम अंतर से जीते

पं. मोतीलाल वार्ड से गोपेश साहू ने सबसे कम 55 वोट से जीत हासिल की है। उन्होंने यहां कांग्रेस प्रत्याशी गावेश साहू को हराया है। गोपेश साहू इस वार्ड के पूर्व पार्षद हैं। इससे पहले वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यहां से चुनाव जीता था। चुनाव जीतने के बाद वे भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसके बाद पार्टी से यहां से चुनाव लड़े हैं। पूर्व पार्षद होने के बाद भी वे बहुत कम वोट से जीते हैं।

## खोडियार नया चेहरा होने के बावजूद बड़ी जीत

राजीव गांधी वार्ड से भाजपा ने महेंद्र खोडियार के रूप में नये चेहरे को चुनाव में उतारा था। इसकी तुलना में कांग्रेस से यहां से पूर्व पार्षद नीतू घनश्याम तिवारी पर पार्टी ने दोबारा भरोसा जताया था। इसके बाद भी चुनाव में कांग्रेस की पूर्व पार्षद प्रत्याशी को मात्र 1341 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 5536 वोट मिले हैं। इस तरह भाजपा प्रत्याशी ने 4195 वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को करारी हार दी है।

## कुछ मीठा हो जाए...



# एकात्म परिसर में 10000 लड्डू, 5000 इमरती और 10000 गुलाब जामुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






भाजपा ने राजधानी रायपुर में नगर निगम में जीत को लेकर पहले से बड़ी तैयारी की थी। शुक्रवार की रात से ही यहां पर बूंदी के लड्डू बनाने का काम प्रारंभ किया था। शनिवार की सुबह तक जहां दस हजार से ज्यादा लड्डू बनाए गए, वहीं पांच हजार इमरती और सैकड़ों की संख्या में गुलाब जामुन भी बनाए गए। राजधानी के नगर निगम की जीत को लेकर पहले ही भाजपा नेता आश्वस्त थे कि यहां से इस बार ऐतिहासिक जीत मिलेगी। इसीलिए जीत के जश्न के लिए पहले ही मिठाइयां बनाने की तैयारी की गई और एकात्म परिसर में जहां भारी संख्या में मिठाइयां बनाई गईं, वहीं कार्यालय में आने वाले भाजपा ▶▶|शेष पेज 17 पर

# परिणाम आने के बाद कांग्रेस भवन में छाया सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आने पर कांग्रेस की हार के साथ ही कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस के नेता शुरुआती रुझान आने के साथ ही वहां पर डटे रहे। दोपहर में सारे परिणामों के स्पष्ट परिणाम आने के बाद वहां सन्नाटा पसर गया। निकाय चुनाव के सारे परिणाम दोपहर 3 बजे तक स्पष्ट हो गए, तब तक कांग्रेस मुख्यालय से सारे नेता जा चुके थे। वहीं जिला कार्यालय में कोई भी कांग्रेसी नजर नहीं आया। नगरीय निकाय के चुनाव के दौरान टिकट बंटने से लेकर अन्य कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कांग्रेसी जुटते रहे। प्रदेश में भाजपा ने नगर पालिका और नगर पंचायत सहित नगर निगमों में बंपर जीत दर्ज की है।

## दोपहर बाद कांग्रेसी नेता नहीं दिखे



महापौर, अध्यक्ष और पार्षदों के नतीजों में भी कांग्रेस कहीं भी टक्कर में नहीं दिखी। कुल मिलाकर चुनाव के नतीजों ने कांग्रेसियों को पूरी तरह से निराश किया। शाम को पूरा परिणाम आने के बाद कांग्रेस भवन से नेता जा चुके थे।

## सीएम के वार्ड में 10 साल बाद खिला कमल, भाजपा प्रत्याशी बड़े अंतर से जीती

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिस वार्ड में निवास स्थान है, उस वार्ड में पिछले दस साल से कांग्रेस का कब्जा था। पिछले दो बार पार्षद चुनाव में इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी ही जीतते आ रहे थे, लेकिन इस बार भाजपा ने ऐसी महिला कार्यकर्ता पर भरोसा जताया जो गरीब वर्ग की होने के बावजूद वार्ड में काफी लोकप्रिय है। रावण पुतला चौक के पास एक छोटे से घर में रहने वाली संजना हियाल न केवल पार्टी के भरोसे को कायम रखने में सफल ▶▶|शेष पेज 17 पर



# आदर्श आचरण संहिता हटी

**रायपुर।** नगर पालिकाओं और नगर निगम में महापौर/अध्यक्ष तथा पार्षद पदों के लिए निर्वाचन कराये जाने के लिए आयोग द्वारा 20 जनवरी को कार्यक्रम जारी किया गया था। कार्यक्रम जारी होते ही सभी संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई थी। प्रदेश के 173 नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 15 फरवरी को मतगणना होने के बाद केवल नगर निगम और नगर पालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य घोषित की गई है।

## शहर में जीत का सबसे कम अंतर रहा मोतीलाल वार्ड में

# जीत के अंतर से अधिक वोट नोटा को 5556 को नहीं भाया कोई भी प्रत्याशी

**यहां सिर्फ 55 वोट से जीते भाजपा प्रत्याशी, नोटा को मिले 90 वोट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी चुनाव में इस बार नोटा की भी हार-जीत में महत्वपूर्ण भूमिका साबित हुई। शहर के वार्ड क्रमांक-9 अर्थात मोतीलाल वार्ड में विजयी प्रत्याशी और दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रत्याशी के मध्य जीत का अंतर मात्र 55 वोट ही रहा। जबकि इससे अधिक 90 वोट नोटा को मिले। यदि ये वोट हारने वाले प्रत्याशी को मिल जाते, तो यहां स्थिति दूसरी रहती। बीजेपी से गोपेश कुमार ▶▶|शेष पेज 17 पर




## 2011 को पसंद नहीं मेयर

ना सिर्फ पार्षद चुनाव बल्कि महापौर के लिए हुई वोटिंग में भी लोगों ने बड़ी संख्या में नोटा में वोट डाले हैं। रायपुर शहर के 2 हजार 11 मतदाताओं ने मेयर प्रतिनिधि के विकल्प के रूप में नोटा में बटन दबाया। हालांकि यह संख्या पार्षदों को पसंद नहीं करने वाले मतदाताओं से आधी है।

## निर्दलियों से अधिक विश्वास नोटा पर

कई वार्ड ऐसे भी रहे हैं, जहां निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक वोट नोटा को मिले। वार्ड क्रमांक-1 में जोहार छग पार्टी के नारायण निषाद को 41 जबकि नोटा को 46 मत मिले। वार्ड क्रमांक-4 में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ऋषिकांत वर्मा को 51 जबकि नोटा को 105 मत मिले। वार्ड क्रमांक-10 में निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्वरी गायकवाड़ को 33 और नोटा को 61 वोट मिले। वार्ड क्रमांक-12 में निर्दलीय प्रत्याशी मोनिका सेन को 97 और नोटा को 102 मत मिले। वार्ड क्रमांक-16 में निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र निर्मलकर को 77 और नोटा को 82 वोट मिले। वार्ड क्रमांक-18 में निर्दलीय प्रत्याशी पदुमलाल वर्मा को 75 व नोटा को 93 वोट मिले। वार्ड क्रमांक-27 में गोडवाना गणतंत्र पार्टी के दुर्गा अजय चकोले को 43 जबकि नोटा को 60 वोट मिले। वार्ड क्रमांक-30 की निर्दलीय प्रत्याशी सविता मौर्या को 56 तथा नोटा को 78 वोट मिले।

# सभापति भी भाजपा का रहेगा, नेता प्रतिपक्ष बनाना भाजपा के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय में पहली बार ऐसा मौका होगा जब नगर निगम में इतना कमजोर विपक्ष बनेगा। निगम चुनाव में कांग्रेस की करारी हार से यह स्थिति उत्पन्न हुई। अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर अब तक के इतिहास में यह पहली बार होगा जब विपक्ष की इस तरह कमजोर हालत बनी है। जानकारों का कहना है, नगर निगम के नियम में नेता प्रतिपक्ष का अलग से कोई पद ही नहीं है, पर सामान्य सभा के दौरान विपक्ष की भूमिका को ध्यान में रखते हुये यह व्यवस्था आपसी चर्चा व सहमति के बाद दी जाती है। कम संख्या को देखते हुए भाजपा में अंदरुनी तौर पर नेता प्रतिपक्ष न बनाए जाने को की आवाज उठने लगी है।

■ पहले विपक्ष को सम्मान देने बनाते थे नेता प्रतिपक्ष, निगम में अलग से कमरा आवंटित होता था

रायपुर नगर निगम में विपक्ष की ओर से सदन में सशक्त रूप से जनहित के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने और महापौर तथा उनकी परिषद को सदन में घेरने नेता प्रतिपक्ष की अहम भूमिका रही है। यही नहीं, उपनेता प्रतिपक्ष भी सदन का अहम हिस्सा रहे हैं, पर इस बार सदन में भाजपा से निर्वाचित 60 सदस्य पहली बार बहुमत के साथ दमदारी से अपना पक्ष रखने सदन में मौजूद रहेंगे। विपक्ष के रूप में कांग्रेस के 7 और निर्दलीय 3 पार्षद नजर आयेंगे। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा यह सवाल लोगों के जेहन में अभी से कौंधने लगा है। नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा का कहना है, नगर निगम के चुनाव में इस बार कांग्रेस की करारी हार के कारण नेता प्रतिपक्ष के लायक भी विपक्ष के पास विकल्प नहीं रहा। नियम के अनुसार नेता प्रतिपक्ष का निगम में अलग से कोई पद नहीं होता है, पर अभी तक पक्ष-विपक्ष में निर्वाचित पार्षदों की संख्या सम्मानजनक होने से विपक्ष को सम्मान देने नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाता था और इसके लिए निगम में नेता प्रतिपक्ष का अलग से कक्ष भी आवंटित रहता था।

# तस्वीरों में जीत की खुशी, हार का गम


प्रमोद साहू (भाजपा), वार्ड 63 शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड


आकाश तिवारी (निर्दलीय), वार्ड 34 पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड


सूर्यकांत राठौर (भाजपा), वार्ड 14 रमन मंदिर वार्ड


सुषमा तिलक साहू (भाजपा), वार्ड 54 कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड


सावित्री धीवर (निर्दलीय), वार्ड 08, महात्मा गांधी वार्ड


संदीप साहू (कांग्रेस), वार्ड 01 वीर सावरकर वार्ड


ममता सोनू तिवारी (भाजपा), वार्ड 67 भक्त कर्मा माता वार्ड


कृष्णा बब्बी सोनकर(निर्दलीय), वार्ड 66 वामनराव लाखे वार्ड


नंदकिशोर साहू (भाजपा), वार्ड 04 यतियतन लाल वार्ड

**हार के बाद मायूस लौटते प्रत्याशी**


श्री कुमार मेनन (कांग्रेस), वार्ड 20 रामकृष्ण परमहंस वार्ड


सतनाम पनाग (कांग्रेस), वार्ड 63 शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

## आत्ममंथन का विषय

**दीप्ति दुबे, महापौर प्रत्याशी कांग्रेस**

कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने कहा है कि जनता द्वारा दिया गया जनादेश उन्हें स्वीकार है। मीनल चौबे को नए महापौर के रूप में आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं। अच्छी नीयत से राजनीति से उठकर शहर विकास कार्य करेंगी ऐसी उन्हें उम्मीद है।



पहली बार निगम चुनाव में देखा कि व्यक्तिगत छवि की जगह पार्टीगत चुनाव हुये, जबकि निगम चुनाव व्यक्तित्व से जुड़ा चुनाव है। अबकि बार वह दल का चुनाव लगा, जिसमें व्यक्तित्व के तौर पर कम वोट और पार्टीगत तौर पर ज्यादा वोट पड़े। यह आत्ममंथन का विषय है कि कहां चूक हुई। भारतीय जनता पार्टी का संगठन मजबूत है, कांग्रेस की तुलना में।

**क्या इस बार के चुनाव का ट्रेंड अलग हटकर रहा?**

जी हां, 2004 के बाद 2025 के निगम चुनाव में यह बात देखी गई। उस समय भाजपा से सुनील सोनी महापौर बनकर आए, तब कांग्रेस मात्र 19 पार्षद वार्डों से चुनाव जीते। इस बार उसी तरह की स्थिति 20 साल बाद बनी है, जिसमें पार्टी के कुछ वरिष्ठ पार्षद चुनाव हार गये।

## जनता का मिला जनादेश बन गई महापौर : मीनल



**डेढ़ दशक बाद भाजपा ने निगम चुनाव में रिकार्ड तोड़ जीत हासिल की और शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में आप चुनी गईं, इस उपलब्धि को आप किस रूप में देखती हैं?**

तीन बार के पार्षद और शहर की दूसरी महिला महापौर मीनल चौबे का कहना है, शहर के चार विधायक और लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के कुशल नेतृत्व के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की। साथ ही शहर के 70 वार्ड की जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए आभारी हूं। महिला महापौर के रूप में शहर को स्वच्छ और सुंदर हरा-भरा शहर बनाने का प्रयास करूंगी। जनता के आशीर्वाद के रूप में अपनी इस उपलब्धि को देखती हूं। आज का दिन मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। चुनाव परिणाम का बेसब्री से इंतजार रहा।

# सभी भाजपा पार्षदों से 52 हजार 145 अधिक वोट मिले मीनल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की नई महापौर मीनल चौबे को उनकी ही पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों से 52 हजार 145 वोट अधिक मिले हैं। रायपुर नगर निगम चुनाव में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता रहे हैं, जिन्होंने पार्षद के रूप में तो दूसरे दल अथवा निर्दलीय प्रत्याशियों का चुनाव किया, लेकिन महापौर के रूप में उनकी पसंद मीनल ही रही। मतदाताओं की यह संख्या हजार-दो हजार ना होकर 52,145 रही है। आमतौर किसी पार्टी के समर्थक अथवा वोटर पार्षद और महापौर दोनों ही पदों पर एक ही पार्टी को मत देने को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन राजधानी में ऐसा नहीं हुआ।

रायपुर के 70 वार्ड में हारने और जीतने वाले सभी भाजपा प्रत्याशियों को मिलाकर 2 लाख 63 हजार 690 वोट मिले हैं, जबकि अकेले मीनल चौबे को 3 लाख 15 हजार 835 मत मिले हैं। राजधानी वासियों को महापौर तो भाजपाई चाहिए, लेकिन पार्षद के चुनाव में उन्होंने भाजपा के अलावा भी दूसरे दलों को वोट दिए। गौरतलब है कि महापौर पद के लिए पूरे प्रदेश में सबसे बड़ी जीत मीनल ने ही दर्ज की है।

### मीनल दूसरी महिला महापौर

*मीनल चौबे राजधानी की दूसरी महिला महापौर होंगी। इसके पूर्व किरणमयी नायक यह जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। वे रायपुर की प्रथम महिला महापौर थीं। कांग्रेस की किरणमयी नायक के बाद भाजपा की मीनल चौबे को जनता ने मौका दिया है। इस तरह से वे भाजपा की प्रथम महिला महापौर हैं। उनके जीत का अंतर पिछले चुनाव से अधिक है। पिछली बार महापौर का अप्रत्यक्ष चुनाव हुआ था। इस बार जनता ने प्रत्यक्ष रूप से मीनल का चुनाव किया है।*

**आप से 21 एवं शिवसेना से 9 प्रत्याशियों ने लड़ा चुनाव**

# पार्षद चुनाव में आप-शिवसेना का नहीं खुल सका खाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी और शिवसेना का खाता ही नहीं खुल पाया। इन दोनों पार्टी से कई प्रत्याशी चुनाव में खड़े थे, जिनमें से एक भी प्रत्याशी जीत नहीं पाया। इन दोनों पार्टी के अलावा बहुजन समाज पार्टी, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से भी कई प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा, लेकिन इनमें से भी एक भी राजधानी में खाता खोल नहीं पाया। बहुजन समाज पार्टी की ओर से मात्र एक प्रत्याशी को चुनाव में खड़ा किया गया था। उसे भी हार का सामना करना पड़ा।

AAP
AAM AADMI PARTY

### दोनों पार्टी के प्रत्याशियों ने भी किया था जमकर प्रचार-प्रसार

रायपुर निगम में पार्षद पद के लिए आप पार्टी ने इस बार सिर्फ 21 सीटों से ही अपने प्रत्याशियों को उतारा था, वहीं शिवसेना पार्टी की ओर से 5 प्रत्याशी मैदान पर थे। चुनाव के दौरान दोनों पार्टी के प्रत्याशियों ने जमकर अपना प्रचार-प्रसार भी किया था, लेकिन जब परिणाम आए तो इनमें से एक भी प्रत्याशी अपनी पार्टी की लाज बचा नहीं पाया। सभी प्रत्याशियों को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

शिवसेना

### आप से समीर के अलावा अन्य कोई प्रत्याशी छू नहीं पाया 5 सौ का आंकड़ा

आप पार्टी से चुनाव में खड़े प्रत्याशियों में कांग्रेस से बगावत कर शहीद राजीव पांडेय वार्ड 62 से चुनाव लड़े समीर अख्तर के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों में कोई भी 5 सौ वोट का आंकड़ा भी छू नहीं पाया। समीर अख्तर को 3035 वोट पड़े हैं। इस तरह वह चुनाव में इस वार्ड से तीसरे नंबर पर थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को 3131 वोट पड़े हैं, वहीं निर्वाचित हुए भाजपा प्रत्याशी बद्रीप्रसाद गुप्ता को 4500 वोट पड़े हैं।

### शिवसेना के प्रत्याशी 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाए

शिवसेना से चुनाव लड़े प्रत्याशियों में कोई भी दो सौ वोट का आकड़ा भी छू नहीं पाए। इस तरह चुनाव में शिवसेना का प्रदर्शन भी बहुत खराब रहा। बहुजन समाज पार्टी से चुनाव में गुरु गोविंद सिंह वार्ड-29 से सिर्फ एक प्रत्याशी भूपेंद्र धृतलहरे को ही खड़ा किया गया था। उसे भी मात्र 615 वोट ही मिले। इस तरह चुनाव में शिवसेना और बसपा प्रत्याशी भी अपनी पार्टी की लाज बचा नहीं पाए। इस बार 70 वार्डों में पार्षद पद के लिए कुल 306 प्रत्याशी मैदान पर थे। इन प्रत्याशियों में आम आदमी पार्टी (आप) और शिवसेना पार्टी से भी कई प्रत्याशी चुनाव लड़े, लेकिन इनमें से कोई भी जीत नहीं पाया।




हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
जीत गई जनता जीत गई भाजपा जीत का था दृढ़ विश्वास
रायपुर नगर निगम वार्ड क्र. 67 भक्त माता कर्मा वार्ड के समस्त
देवतुल्य मतदाताओं का हार्दिक आभार जिनके आशीर्वाद एवं सहयोग से
श्रीमती ममता सोनू तिवारी
को नगर निगम रायपुर में सर्वाधिक
3527 मतों के अन्तर से
विजय दिलाकर अपना
आशीर्वाद
प्रदान किया।
श्रीमती मीनल चौबे जी
को ऐतिहासिक जीत पर
महापौर बनने पर
हार्दिक बधाई एवं
ढेर सारी शुभकामनाएं...
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्तागण एवं वार्डवासी भक्त माता कर्मा वार्ड क्र. 67 रायपुर



## एजूकेशन अपडेट

# सीजीपीएससी की तैयारी के लिए आज शुरू होगा नया बैच



रायपुर। हर साल जाने कितने ही विद्यार्थी सीजीपीएससी की तैयारी के लिए बेहतर संस्था की तलाश करने के साथ मोटी फीस देते हैं। ऐसे दौर में सिविल लाइंस में संचालित युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव के प्रयास से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाती है। इसके लिए नए बैच की शुरुआत रविवार से होने वाली है। इसका आगाज रविवि के कुलपति व शिक्षाविद प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर प्रो. शुक्ला युवाओं को सफलता के लिए टिप्स देने के साथ ही अपना अनुभव भी साझा करेंगे। इसके साथ ही वे परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन भी देंगे।

### पात्रता के आधार पर देंगे प्रवेश

युवा के संस्थापक श्री राव ने आगे बताया कि फ्री कोचिंग के लिए नए बैच को जोड़ने की प्रक्रिया रविवार को सुबह 9 बजे शुरू की जाएगी। इसके बाद जिन युवाओं के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में रुचि ली जाएगी, उन्हें सामान्य टेस्ट से जोड़ते हुए पात्रता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इस तरह की व्यवस्था बेहतर शिक्षा और गंभीरता से तैयारी करने वालों का ग्रुप बनाने के लिए बनाई गई है। इसके साथ ही जो लोग नए बैच का हिस्सा बनेंगे, उन्हें किस तरह की व्यवस्था का हिस्सा बनकर पढ़ाई करनी है, यह भी बताया जाएगा।

## कैंपस इवेंट

# कलिंगा विश्वविद्यालय के हैकथॉन छह राज्यों की 26 टीमें शामिल



रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय में 24 घंटे के हैकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छह विभिन्न राज्यों से आई 26 टीमों ने भाग लिया। कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी संकाय (सीएसआईटी) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम गहन नवाचार और सहयोग पर आधारित रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि यशम सॉफ्टवेयर सर्विसेज के परियोजना प्रबंधक विनोद पांडे और विशिष्ट अतिथि फोरसाइट एज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ डॉ. पीयूष मेहता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान और नवाचार की भावना के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ गई। कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन ने प्रेरणादायी शब्दों से संबोधित किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। विनोद पांडे ने नवाचार को बढ़ावा देने में हैकथॉन के महत्व को बताया।

### ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर पेश की परियोजना

डॉ. पीयूष मेहता ने सफलता प्राप्त करने में आत्मविश्वास, दृढ़ता और जुनून के महत्व पर प्रकाश डाला। सीएस एवं आईटी विभाग के संकाय सदस्य प्रतिभागियों की सहायता और मार्गदर्शन देने के लिए उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने अपनी परियोजनाएं पेश कीं। इस दौरान स्मार्ट ऑटोमेशन व सिटीज, ग्रीन व ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी जैसे अत्याधुनिक विषयों पर सबका ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. श्रीजीत पणिक्कर ने छात्रों को प्रेरित रहने, कड़ी मेहनत करने और सफल भविष्य के लिए अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## आराधना

# जब हमारे हाथों से सत्कर्म हो जीवन का वही दिन सर्वश्रेष्ठ



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित गोपाल मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में शनिवार को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन और वराह अवतार की कथा सुनाई गई। कथाव्यास पं. गोपालशरण देवाचार्य ने बताया कि श्रीमद भागवत की कथा ही अमर कथा है। भगवान शिव ने पार्वती को अमर कथा सुनाई। इसी बीच शुकदेव भी ये कथा सुनने लगते हैं। शिवजी ने देखा तो शुकदेव तोते के रूप में कथा सुन रहे थे। ऐसे में शंकरजी ने त्रिशूल उठाया और चला दिया, शुकदेव वहां से भागे और वेदव्यासजी की पत्नी पिंगला के पेट में चले गए। 12 वर्ष तक शुकदेव गर्भ में रहे। व्यासजी ने प्रार्थना की। शुकदेव ने कहा कि मैं बाहर तब आऊंगा, जब मुझे ये वचन मिल जाए कि भगवान की माया मुझपर हावी नहीं होगी। इसके बाद जब शुकदेव प्रगट हुए और थोड़े समय के बाद वे भगवान कृष्ण का चिंतन करते करते स्वयं कृष्ण स्वरूप ही हो गए थे।

### जब राजा ने कलियुग को बताए रहने के स्थान

परीक्षित प्रसंग के बारे में गोपाल शरणदेव ने बताया कि राजा परीक्षित ने कलियुग को रहने के लिये ये स्थान बता दिए, जुआ, मद्य, हिंसा और स्वर्ण। इन पांच स्थानों को छोड़कर अन्यत्र न रहने की कलि ने प्रतिज्ञा की। राजा ने पांच स्थानों के साथ साथ ये पांच वस्तुएं भी उसे दे डालीं, मिथ्या, मद, काम, हिंसा और बैर। इसके बाद कथाव्यास ने बताया कि वराह अवतार यज्ञावतार एवं संतोष के अवतार हैं। वर+अह= वराह। वर अर्थात श्रेष्ठ और अह अर्थात दिवस। प्रश्न उठता है कि कौन सा दिवस श्रेष्ठ है? तो जिस दिन हमारे हाथों से सत्कर्म हो, वही दिवस श्रेष्ठ है। कौन सा कर्म सत्कर्म है? जिस कर्म से प्रभु प्रसन्न हों, वही सत्कर्म है। सत्कर्म को ही यज्ञ कहते हैं। पं. शरणदेव ने बताया कि रविवार को आज कथा में कपिल अवतार, सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र और जड़ भरत के प्रसंग का वर्णन किया जाएगा।

## आशीर्वाद भवन में 15वें राज्य स्तरीय दिव्यांग सामूहिक विवाह से पहले निभाई गई हल्दी-मेहंदी की रस्में

# ग्रेजुएट सुंदरी को 7 साल बाद मिला विनोद का साथ, वर वधू बोले- हम तालमेल बनाकर खीचेंगे जीवन की गाड़ी

'कहते हैं जोड़ी ऊपरवाला बनाता है। जब संयोग बनता है, उसके बाद ही लग्न वेदी सजती है, कुछ हद तक यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो ग्रेजुएट सुंदरी लहरे को विनोद का साथ पाने के लिए सात साल इंतजार नहीं करना पड़ता। बात कर रहे हैं बैरनबाजार के आशीर्वाद भवन में निशुल्क दिव्यांग सामूहिक विवाह की। जहां रविवार को धूमधाम से शादी की तैयारी है। शनिवार की शाम 4 बजे से सभी जोड़े को हल्दी-मेहंदी की रस्म से जोड़ा गया। वहीं वर-वधू ने कहा, हम आपस में तालमेल बनाकर जीवन की गाड़ी खीचेंगे।'



रायपुर। आशीर्वाद भवन में 16 फरवरी को आयोजित निशुल्क राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले वर-वधू को शनिवार की शाम तेल-हल्दी और मेहंदी लगाई गई। जहां परंपरागत रूप से रीति-रिवाज के साथ सांस्कृतिक संगीत संध्या का आयोजन भी किया गया। वहीं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद रायपुर, सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच, कान्यकुब्ज सभा के साथ ही शिक्षा मंडल और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के संयुक्त प्रयास से इस बार 15वां आयोजन किया जा रहा है। इस बीच हरिभूमि ने लग्नवेदी का हिस्सा बनने वाले वर-वधू से बात की। इसमें एक बात कॉमन थी। ज्यादातर वधू ग्रेजुएट तो वहीं वर 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं पास कर पाए हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे शामिल

कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र पांडे एवं विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, सह संयोजक घनश्याम पोद्दार ने बताया कि इस सामूहिक विवाह के आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहे, अध्यक्षता रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। समारोह भूषण के रूप में डॉ. विनय पाठक होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी चतुर्भुज अग्रवाल के साथ धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा मंचस्थ रहेंगे। इसके पहले जिन लोगों का पंजीयन हुआ, उनकी रस्म कराई गई।



### आचार्य वैदिक रीति रिवाज से...

शाम 4 बजे से वर-वधू को तेल हल्दी मेहंदी लगाई गई। शाम 6 बजे महिलाओं के गीत-संगीत के साथ हर जोड़े के पारंपरिक रीति-रिवाज के तहत सभी रस्में निभाई गईं। दिव्यांगों के सामूहिक विवाह की पूर्व संध्या पर रामदास अग्रवाल और उनके साथियों द्वारा डांस ग्रुप के साथ ही संगीत की महफिल सजाई गई। रविवार को सुबह 10 बजे सामूहिक विवाह शुरू होगा। आर्य समाज के प्रमुख आचार्य जगबंधु, आचार्य विरोचन शास्त्री सहआचार्यों के साथ वैदिक रीति रिवाज से पारंपरिक परिधान में सामूहिक विवाह कराएंगे।

### सामंजस्य से मजबूत होगा रिश्ता



बिलासपुर के पास सकरी से आई सुंदरी लहरे ने बताया कि ग्रेजुएशन के चलते पहले शादी में विलंब की स्थिति बनी। सात साल बाद संयोग बना और मस्तूरी के पचपेढ़ी निवासी विनोद कुमार से विवाह हो रहा है। उन्होंने कहा कि कॅरियर बनाने पढ़ाई पर फोकस किया तो शिक्षित युवकों की तलाश में समय ज्यादा बीत गया। वे कहती हैं कि जिंदगी की गाड़ी चलाने के लिए आपस में तालमेल होना जरूरी होता है। बिना सामंजस्य के किसी रिश्ते को मजबूती नहीं मिलती, इसलिए हर स्थिति का मिलकर सामना करेंगे।

### वैवाहिक पत्रिका बन गया माध्यम



मध्यप्रदेश के रायसेन निवासी सोनू अहिरवार का विवाह अंबिकापुर के रजपुरी कला निवासी राजकुमारी मानिकपुरी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि दो महीने पहले रायपुर आई थी। तब आयोजकों से वैवाहिक पत्रिका मिली। उसमें दिए गए सोनू के मोबाइल नंबर पर दो महीने पहले परिवार के लोगों ने संपर्क किया। हमारा रिश्ता दो सप्ताह पहले ही तय हुआ। कुल मिलाकर वैवाहिक पत्रिका ही इस रिश्ते का माध्यम बना। दोनों परिवार के लोगों ही नहीं, आयोजकों ने भी विवाह के लिए स्वीकृति दी, इसलिए सुबह रायपुर आए।

### परिवारों की सहमति से बना रिश्ता



महासमुंद के शाराडीह निवासी चंद्रशेखर साहू का विवाह रायपुरा निवासी जितेश्वरी साहू से हो रहा है। वह ग्रेजुएट होने के साथ ही सिलाई-कढ़ाई का काम भी करती है। उन्होंने बताया कि दिसंबर में आयोजित किए गए परिचय सम्मेलन में भैया-भाभी ने रिश्ते की बात शुरू की। दोनों परिवारों की सहमति से रिश्ता होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम जीवन की गाड़ी आपसी तालमेल बनाकर चलाने के लिए तैयार हैं। रिश्ते की तलाश में ज्यादा भटकने जैसी स्थिति तो नहीं थी, पढ़ाई के कारण विलंब की स्थिति बनी।



## दपूमरे, रायपुर मंडल का सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण

# मोबाइल, बोतल और सेफ्टी पिन के जरिए महिलाओं ने सीखे आत्मरक्षा के नए तरीके

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण' का निशुल्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम रेलवे सामुदायिक भवन डब्ल्यूआरएस कॉलोनी रायपुर में हुआ, जिसमें महिला रेलकर्मियों, रेल कर्मचारियों पर आश्रित महिला सदस्यों और भारत स्काउट एवं गाइड की गाइड्स ने हिस्सा लिया। पांच दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सिखाए गए। इसके तहत उन्हें यह बताया गया कि वे अपने पास रखी वस्तुओं जैसे मोबाइल, बोतल, सेफ्टी पिन के माध्यम से आत्मरक्षा कर सकती हैं।

कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल ने कहा, सेल्फ डिफेंस आज के समय की आवश्यकता बन चुका है। इसे शिक्षा में शामिल कर सभी महिलाओं को प्रशिक्षित करना चाहिए, ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में अपने बचाव के लिए किसी पर निर्भर न रहें।

### प्रशिक्षण को निरंतर अभ्यास में रखें

*इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी निकिता अग्रवाल और वीके कांजीवार, सहायक सुरक्षा आयुक्त भी उपस्थित थे। निकिता अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को सदैव सजग रहकर समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। टीम द्वारा कुल 55 महिलाओं को 'सेल्फ डिफेंस' प्रशिक्षण दिया गया। दिलीप ने प्रशिक्षित महिलाओं से कहा कि इस प्रशिक्षण को निरंतर अभ्यास में रखना चाहिए और इसका उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करना चाहिए।*

## आकाशवाणी रायपुर का आयोजन, पशुपालन, मत्स्य पालन पर भी चर्चा

# रेडियो किसान दिवस : रोजगार की संभावनाओं पर किया मंथन

रायपुर। आकाशवाणी रायपुर ने निनवा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शनिवार को रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया। इसमें आकाशवाणी के पूर्व सहायक निदेशक लखन लाल भौर्य ने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं के लिए कृषि के क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। रेडियो किसान दिवस पर सहायक निदेशक पंकज मेश्राम ने कहा कि रेडियो और किसान एक-दूसरे के पूरक हैं। कृषि से जुड़ी जानकारी एक तो मौखिक रूप से किए जाने वाले वैचारिक मंथन से एक-दूसरे तक पहुंचती है। साथ ही रेडियो के माध्यम किसानों को समय-समय पर नई तकनीक की जानकारी दी जाती है। किसान वाड़ी प्रभारी शशिप्रकाश पांडे ने कृषि उद्यानिकी के साथ ही पशुपालन, मत्स्य पालन और रेशम कीट पालन पर प्रकाश डाला।



### लैंड स्कैपिंग का बताया महत्व

मधुमक्खी पालन, लाख उत्पादन में युवाओं को रोजगार तलाशने पर जोर दिया। पशु चिकित्सक लोकप्रकाश वर्मा ने चिकित्सा और पशुपालन से जुड़े विषय का समायोजन करते हुए पशुओं के स्वास्थ्य और आहार से जुड़ी जानकारी साझा की। देवीलाल यादव ने तरल उर्वरक की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। मुकेश खोडियार ने अधिक उत्पादन के लिए ग्राफ्टेड पौधे का प्रयोग सही तरीके से करने की विधि और पौधे के विकास के लिए लैंड स्कैपिंग का महत्व भी बताया। मंच संचालन किसान वाणी की सूत्रधार निर्मला साहू ने किया। प्रसारण अधिशासी नेमीचंद साहू धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर किसान वाणी की सूत्रधार मोनिका जैन, रुक्मिणी शुक्ला मौजूद रहीं।

# जीवप्रेमी स्ट्रीट डॉग्स के लिए चंदखुरी में बना रहे अस्पताल, 25 कमरों में चल रहा 300 का इलाज

रायपुर। सरोकार से जुड़कर काम करने वाली संस्थाओं के रूप में सेवाभावना से अब युवाओं के ग्रुप भी बढ़ने लगे हैं। इसी का परिणाम है कि 2013 में जीवप्रेमी कस्तूरी बल्लाल की सेवाभावना ने अब बड़ा रूप ले लिया है। जहां पहले वे 8-10 स्ट्रीट डॉग्स को ही रहने की और इलाज की सुविधा दे पाती थीं। जब पीपल फॉर एनिमल्स संस्था के रूप में काम शुरू किया तो देखते ही देखते इनसे जीवप्रेमियों का एक हजार से ज्यादा मेंबर्स की एक बड़ी टीम प्रदेशभर में तैयार हो गई। कस्तूरी बताती हैं कि इनके प्रयास से जहां हर साल 1500 से दो हजार स्ट्रीट डॉग्स, घायल व बीमार घोड़े, ऊंट, मंकी का इलाज तो कराते ही हैं, संस्था ने चंदखुरी में ढाई एकड़ जमीन भी खरीद ली है। वहां अभी तक शेडयुक्त 25 कमरे तैयार किए गए हैं।



शहर की पीपल फॉर एनिमल्स संस्था से जुड़े प्रदेश के एक हजार से ज्यादा जीवप्रेमी निभा रहे भागीदारी



### इलाज कराने के साथ दवा भी खरीद रहे

*संस्थापिका ने बताया कि चंदखुरी में जनभागीदारी से जमीन लेने के बाद वाटिका एनिमल सेंचुरी बनवा रहे हैं। जहां रेस्क्यू कर लाए जाने वाले स्ट्रीट डॉग्स को बीमारी के संक्रमण से बचाने के लिए बनाए गए कमरों में शिफ्ट करते हैं। उनका ध्यान रखने के लिए 25 एक्सपर्ट की टीम सक्रिय रूप से सेवा देती है। इस सेवा में खर्च होने वाली राशि टीम मेंबर्स के अलावा जनसहयोग भी मिलता है। इससे बेजुबानों की पीड़ा दूर करने और इलाज की सुविधा देने के साथ ही उनका जीवन बचाने के लिए दवा भी खरीदते हैं।*

### अभी शेडयुक्त कमरे बनाएंगे वार्ड

उन्होंने बताया कि वाटिका एनिमल अस्पताल के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है। जीवप्रेमियों की मदद से अभी तक 25 शेडयुक्त कमरे बनाए गए हैं। इसके अलावा ऑपरेशन और इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम किया गया है। आने वाले समय में जिस तरह से एनिमल अस्पताल में बीमारी के लिहाज से वार्ड में रखा जाता है। उस तरह की सुविधा देने के लिए प्रयास जारी है। जीव एवं प्रकृति प्रेमी भी इस वाटिका को आकार देने में सहयोग देते हैं। इसके चलते अभी तक शेडयुक्त 25 कमरे बनकर तैयार हैं।

### लकवाग्रस्त, चोटिल व बीमार का इलाज

कस्तूरी बल्लाल ने बताया कि वाटिका में लकवाग्रस्त, चोटिल व बीमार जीवों को रखकर इलाज करा रहे हैं। अभी हमारे पास डॉक्टर्स की टीम नहीं है, इसलिए जरूरत होने पर प्राइवेट एनिमल डॉक्टर्स को भी बुलाते हैं। सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले स्ट्रीट डॉग्स को प्राथमिकता में रखा जाता है। इसके अलावा इनकी नसबंदी भी कराते हैं। घोड़े, मंकी और ऊंट को भी इस सेंचुरी में इलाज के बाद संबंधित स्थान पर छोड़ा जाता है। वाटिका में प्रतिदिन 100 जीवों की जांच और इलाज की सुविधा देने का लक्ष्य तय है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778



पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस MATTRESS
ऑफर कुछ दिनों के लिए
पुराना देकर नया ले जाये

| 5 इंच मोटा | 6 इंच मोटा | 8 इंच मोटा |
|---|---|---|
| 11500 MRP | 17000 MRP | 20500 MRP |
| 3000 लेस | 5000 लेस | 6500 लेस |
| 8500 | 12000 | 14000 |
| 4000 | पुराना गद्दा - 5000 | पुराना गद्दा - 6000 |
| 4500 | 7000 | 8000 |

संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

चुनाव : विजय जुलूस निकाला, जमकर की आतिशबाजी और मतदाताओं का जताया आभार

# आरंग नपा अध्यक्ष सहित 10 वार्डों में भाजपा 5 में कांग्रेस एवं दो में शिवसेना की हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका आरंग के चुनाव में भाजपा ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त कर अध्यक्ष पद में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। शिवसेना ने दो वार्डों में विजय होकर प्रथम बार उपस्थिति दर्ज कराई है। वहीं कांग्रेस ने 05 वार्ड में विजयी होकर सम्मान बनाए रखी। भाजपा के उम्मीदवार डॉ. संदीप जैन ने 7178 वोट प्राप्त कर विजयी हुई यह मत कुल मतदान का लगभग 50 प्रतिशत है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मंगल मूर्ति अग्रवाल को 3513 मतों से हराया है। दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस प्रत्याशी को 3662 मत प्राप्त हुआ। लंबे समय से तैयारी करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी रमेश तिवारी 3339 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। वार्ड क्र. 01 से कांग्रेस के खिलावन निषाद ने सीधा मुकाबला में भाजपा के रितेश साहू को 115 मत से हराया है। वार्ड क्र. 02 में उमाकांत यादव शिवसेना प्रत्याशी ने चतुष्कोणी संघर्ष में भाजपा के शैलेंद्र लोधी को सबसे कम मात्र 6 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 03 में भाजपा के नरेंद्र लोधी ने सीधा मुकाबला में कांग्रेस के सतीश लोधी को 334 मत से पराजित किया। वार्ड क्र. 04 में कांग्रेस के ईश्वर पटेल ने भाजपा के चेतन लोधी को 249 मत से हराया है। वार्ड क्र. 05 में कांग्रेस के दीक्षा सूरज सोनकर ने भाजपा के सरस्वती शंकर जलक्षत्री को 176 मत से हराया है। वार्ड क्र. 06 में खुशबू राकेश शर्मा शिवसेना ने त्रिकोणीय मुकाबला में भाजपा के कमला अशोक चंद्राकर को 149 मत से हराया है। वार्ड क्र. 07 में कांग्रेस के समीर सगीर गोरी ने भाजपा के सुनील नेभवाणी को 95 मत से हराया है। वार्ड क्र. 08 में भाजपा के भानुमति राकेश सोनकर ने चतुष्कोणी संघर्ष में कांग्रेस के गौरी बाई देवांगन को 24 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 09



में भाजपा के पुष्कर साहू ने कांग्रेस के दिनेश्वर पप्पू तंबोली को 44 मत से हराया है। वार्ड क्र. 10 में भाजपा के संतोष लोधी ने त्रिकोणी संघर्ष में कांग्रेस के कुलदीप कमल लोधी को 198 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 11 में भाजपा के वीरेंद्र गोलू कंडरा ने बलराम पाल कांग्रेस को त्रिकोणी संघर्ष में 74 मत से हराया है। वार्ड क्र. 12 में भाजपा के सुनीता विनायक धुरंधर ने त्रिकोणीय संघर्ष में कांग्रेस के राजेश्वरी साहू को 29 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 13 में भाजपा के चित्रलेखा विक्रम परमार ने कांग्रेस के अमरौतीन जय डहरिया को सीधा मुकाबला में 301 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 14 में कांग्रेस के शरद जीतू गुप्ता ने चतुष्कोणी संघर्ष में निर्दलीय गजेन्द्र दीपक देवांगन को 40 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 15 में ध्रुव कुमार मिर्धा ने कांग्रेस के सुनील बघेल गोलू को सीधा मुकाबला में 211 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 16 में भाजपा के सेवती तोषण साहू ने त्रिकोणीय संघर्ष में निर्दलीय लुकेश्वरी यादव को सबसे अधिक 388 वोट से हराया है। वार्ड क्र. 17 में भाजपा के हीरामन कौशल ने चतुष्कोणीय संघर्ष में निर्दलीय धर्मेंद्र धृतलहरे को 41 वोट से हराया है। पार्षद पद के चुनाव में कोई भी निर्दलीय उम्मीदवार विजयी नहीं हुए लेकिन 03 वार्ड में दूसरे नंबर पर रहे। विजयी उम्मीदवारों ने अपने-अपने वार्डो में जुलूस निकालकर मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर आभार व्यक्त किया।

## अभनपुर पालिका अध्यक्ष सहित कांग्रेस के 10 पार्षदों की हुई जीत

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर मे 10 साल बाद कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष सहित 10 पार्षद सहित पूर्ण बहुमत के साथ नगर पालिका मे काबिज हुये है वही भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी सहित पूर्व अध्यक्ष कुंदन बघेल,पूर्व उपाध्यक्ष सभी पूर्व पार्षदो को चुनाव मे करारी शिकस्त मिली है। कांग्रेस पार्टी के उत्रसेन गहिरवारे को 4552 वोट मिले वही भाजपा के शिवनारायण बघेल को 3711 वोट मिले है, वही निर्दलीय प्रत्याशी राधाकृष्ण टंडन को 2015 वोट, कमलेश बंजारे को 133 वोट एवं नोटा को 101 वोट प्राप्त हुये है। इसी तरह वार्ड नं.1 मे कांग्रेस डोमेन्द्र साहू,वार्ड 2



भाजपा गब्बू ध्रुव,वार्ड 3 कांग्रेस महेश्वरी वैष्णव,वार्ड 4 भाजपा श्रीमति चंपा लेदेकर,वार्ड 5 निर्दलीय आसकरण गिलहरे,वार्ड 6 कांग्रेस बीरेन्द्र प्रताप सिन्हा,वार्ड 7 कांग्रेस गंगा कौर हिम्मत सिंह,वार्ड 8 कांग्रेस बलविंदर डूकसह गांधी,वार्ड 9 भाजपा मीना साहू,वार्ड 10 भाजपा रूपनारायण साहू,वार्ड 11 कांग्रेस बीरबल टंडन,वार्ड 12 कांग्रेस नीलकमल गिलहरे,वार्ड 13 कांगे्रस सुशीला हरवंश,वार्ड 14 कांग्रेस दिक्षा राठी,वार्ड 15 कांग्रेस रानू राठी ने जीत दर्ज किये है,इस चुनाव मे सबसे दिलचस्प मुकाबला भाजपा के 10 साल से अध्यक्ष पद पर काबिज कुंदन बघेल व कांग्रेस के नीलकमल गिलहरे के बीच रहा वही वार्ड नं. 8 मे पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा व कांग्रेस के बलडूकषवदर गांधी के बीच रहा,इन दोनो बड़े चेहरो को हराने मे कांग्रेस के दोनो प्रत्याशी सफल रहे,पूर्व पार्षदो मे लगातार चौथी बार जीत हासिल करने वाले बलविंदर गांधी मात्र एक पार्षद है,कांग्रेस प्रत्याशी का विजयी होने का समाजचार मिलते ही पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू मतगणना स्थल पर अध्यक्ष सहित सभी विजयी पार्षदो को बधाई दिया,10 बाद चुनाव जीतने पर जहां एक कांग्रेस पार्टी के लोग जश्न मे डूबे हुये दिखे वही लगातार सत्ता मे काबिज भाजपा मे सन्नाटा पसरा रहा।

## सांसद बृजमोहन पहुंचे मांढर भाजपा जिपं समर्पित सदस्य के लिए की सभा



**मांढर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गांव-गांव में चुनावी माहौल चरम पर है। इसी बीच में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को मांढर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में स्वागत किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल सभा में रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से भाजपा प्रत्याशी सविता चंद्राकर के पक्ष चुनाव प्रचार किया सभा में पहुंचे लोगों से अपील करते हुए भाजपा प्रत्याशी सविता चंद्राकर पतंग छाप पर मोहर लगाकर जिताने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक विकास कार्य हो रहे हैं। गांव -गांव में पक्का मकान बिजली पानी की अवस्था हमारी सरकार की जवाबदारी है। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकास कार्य के लिए विभिन्न योजना चल रही है। मांढर के बाद टेकारी, बरौदा में पहुंच कर रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से भाजपा प्रत्याशी सविता चंद्राकर के पक्ष चुनाव प्रचार करने पहुंचे ।

# भाजपा की चंद्रकला वर्मा तिल्दा नेवरा पालिका अध्यक्ष पद पर हुई निर्वाचित



- 22 वार्डो में 12 में भाजपा की जीत, पांच पर कांग्रेस और पांच निर्दलियों की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगर पालिका तिल्दा नेवरा में अध्यक्ष पद हेतु भाजपा की श्रीमती चंद्रकला वर्मा ने जीत दर्ज की है उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा को लगभग 2600 मतों से पराजित किया। वहीं पूरे 22 वार्डों में भाजपा के 12 पार्षद एवं कांग्रेस के 5 व निर्दलीय 5 पार्षद विजई हुए है।

कांग्रेस के कुछ थोपे हुए प्रत्याशियों ने 100 का आंकड़ा भी पास नहीं कर पाए। ऐसे लोगो को टिकट देने वाले कांग्रेसियों को अपना जमीर भी देख लेना चाहिए। वहीं नगर में यह भी जमकर चर्चा है कि कांग्रेस को कांग्रेसियों ने ही हरवा दिया। अगर वार्डो में कांग्रेस के जमीनी कांग्रेसी प्रत्याशी होते तो शायद परिणाम कुछ और होता ऐसा लोगो का मानना है। वहीं जीत के बाद भाजपा अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कहा कि मैं जनता को बधाई देती हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। उन्होंने मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति विशेष आभार माना। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने नगर वासियों का आभार माना जिन्होंने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें सहयोग किया।

वार्ड नंबर 1 से ईश्वर यदु, भाजपा
वार्ड नंबर 2 से विनोद नेताम, भाजपा
वार्ड नंबर 3 से गोविंद लालवानी, निर्दलीय
वार्ड नंबर 4 से धर्मेंद्र डहरिया, भाजपा
वार्ड नंबर 5 से राजेश कुमार कोटवानी, कांग्रेस
वार्ड नंबर 6 से ज्योति नागवानी, भाजपा
वार्ड नंबर 7 से सतीश निषाद, भाजपा
वार्ड नंबर 8 से नीता वर्मा, निर्दलीय
वार्ड नंबर 9 से राजकुमार गेंद्रे, भाजपा
वार्ड नंबर 10 से अन्नपूर्णा कश्यप, निर्दलीय
वार्ड नंबर 11 से दिनेश साहू, निर्दलीय
वार्ड नंबर 12 से पारुल अग्रवाल, भाजपा
वार्ड नंबर 13 से पलक सुखवानी, भाजपा
वार्ड नंबर 14 से नामदेव घुरितलाहरे, कांग्रेस
वार्ड नंबर 15 से विजय सोनू मारकंडे, कांग्रेस
वार्ड नंबर 16 से किरण बाला नायक, कांग्रेस
वार्ड नंबर 17 से जायेस पैकरा, भाजपा
वार्ड नंबर 18 से अन्नपूर्णा सेन, कांग्रेस
वार्ड नंबर 19 से दिनेश साहू, निर्दलीय
वार्ड नंबर 20 से संतोष यादव, भाजपा
वार्ड नंबर 21 से रानी सौरभ जैन , भाजपा
वार्ड नंबर 22 से ग्वालिन सतनामी,भाजपा

चंद्रकला वर्मा को टोटल 10166 वोट मिले
लक्ष्मी नारायण वर्मा को 7516 वोट मिले ।

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202502115500005
अ- 6 / वर्ष 2025
सारागांव, दिनांक 13/02/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीव कुमार पिता रमेश चंद अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता रमेशचंद पिता नथमल अग्रवाल के नाम पर ग्राम जरौदा, प.ह.न. 11, तह. धरसींवा, जिला - रायपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नं. 532/7 रकबा 0.304 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। भूमि स्वामी के मृत्यु उपरांत वसीयतनामा के आधार पर उक्त भूमि परिवर्तित भूमि होने के कारण वि.क.अ. परिवर्तित शाखा रायपुर के रा.प्र.क्र. 876 अ-6 वर्ष 2012-13 आदि. 16/03/2013 के अनुसार वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किया गया है परंतु वर्तमान आनलाईन भुइँया अभिलेख में उक्त भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है। अतएव उक्त भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/02/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

बिजनेस साइट

## जोखिम और लाभ में संतुलन : एसेट आवंटन क्यों मायने रखता है



आकाश तिवारी
चाणक्य कैपिटल सर्विसेज रायपुर

**रायपुर।** अक्सर देखा गया है कि निवेशक उन एसेट क्लास से अत्यधिक जुड़कर हालिया पूर्वाग्रह के जाल में फंस जाते हैं जो इस समय अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, जब उनके पोर्टफोलियो के मूल्यांकन में अचानक गिरावट आती है, तो उन्हें परिणामों को संभालना मुश्किल लगता है। यह भावनात्मक प्रतिक्रिया अस्वस्थ निवेश निर्णयों की ओर ले जाती है जो लक्ष्य -केंद्रित वित्तीय योजनाबंदी के समग्र उद्देश्य को विफल कर देती है।

इससे बचने के लिए, जोखिम को समाप्त करने और डायर्विसीफिकेशन पर केंद्रित निवेश रणनीति अपनाना आवश्यक है। एसेट आवंटन इस संतुलन को प्राप्त करने में मदद करता है। एसेट क्लास में निवेश को फैलाकर, एक में खराब प्रदर्शन को दूसरे द्वारा ऑफसेट किया जा सकता है, जिससे पोर्टफोलियो स्थिर विकास पथ पर बना रहता है। यह दृष्टिकोण इस कहावत के अनुरूप है, ₹अपने सभी अंडे एक टोकरी में न रखें।₹ यदि टोकरी गिरती है, तो सभी अंडे टूट जाते हैं । इसी तरह, डायर्विसीफिकेशन आपके पूरे पोर्टफोलियो को प्रभावित करने वाली एक भी गिरावट के जोखिम को कम करता है।

डायर्विसीफाइड एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाकर, निवेशक अपनी एसेट के लिए अधिक स्थिर और सस्टेनेबल ट्राजेक्ट्री प्राप्त कर सकते हैं, अस्थिरता के प्रभाव को कम कर सकते हैं और लॉन्गटर्म सफलता की संभावना को बढ़ा सकते हैं । लक्ष्य सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट क्लास का पीछा करना नहीं है, बल्कि एक बैलेंस्ड पोर्टफोलियो बनाए रखना है जो विभिन्न बाजार स्थितियों का सामना कर सके । खुश, शांतिपूर्ण और तनाव मुक्त निवेश अनुभव ही एक निवेशक को सफल बनाता है।

एसेट एलोकेशन की रणनीति भी ठीक यही करती है, जिसमें इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट जैसे एसेट वर्गों में फंड का उचित आवंटन किया जाता है । इक्विटी ग्रोथ एलीमेंट लाती है जबकि डेट पोर्टफोलियो में स्थिरता जोड़ता है। दूसरी ओर, सोना मुद्रास्फीति के खिलाफ एक मजबूत बचाव के रूप में कार्य करता है जबकि रियल एस्टेट इंस्ट्रूमेंट्स यील्ड्स को बढ़ाते हैं ।

वास्तव में, एसेट एलोकेशन में लॉन्गटर्म वेल्थ क्रिएशन के लिए आवश्यक सभी प्रमुख निवेश मूल बातें शामिल हैं। यह निवेश को वास्तव में फलदायी बनाने के लिए एक जांची - परखी और सदाबहार रणनीति है ।

बेहतर एसेट एलोकेशन को प्राप्त करने का सबसे स्मार्ट और आसान तरीका म्यूचुअल फंड के माध्यम से है। ग्रोथ आधारित एसेट एलोकेशन समाधान की तलाश करने वाले लोग आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) में निवेश पर विचार कर सकते हैं। ये फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है। 31 जनवरी, 2025 तक, फंड ने एक वर्ष में 11.90 फीसदी रिटर्न दिया है, जिसमें तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 12.92 फीसदी और 13.87 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न है ।



अपील

रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के सभी मतदाता भाई बहनों माताओं
मेरे वरिष्ठजनों एवं युवा साथियों को मेरा सादर प्रणाम...

क्या अमीर क्या गरीब यशवंत भाई सबके करीब

मै यशवंत साहू जिला पंचायत क्षेत्र क्रंमाक 11 से जिला सदस्य पद हेतु मै आप सबके प्रेरणा एवं आशीवर्दि से चुनाव लड़ रहा हूँ जिसमें मेरी विजय हेतु आपसे आशीवर्दि प्राप्त करने हेतु आप सबसे मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूँ।

कहा गया है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जनसेवा को ही अपना लक्ष्य मानकर उच्च आदर्शों को अपनाते हुए राजनीति में आया हूँ। मेरा यह संकल्प है कि जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं सड़क बिजली पेयजल सिंचाई एवं स्वास्थ्य आदि समस्याओं का हल करते हुए शासकीय कार्यालियों में अधिकारियो द्वारा होने वाली परेशानियों से जनता को निजात दिलाने हेतु सार्थक पहल करूंगा तथा क्षेत्र में आप सबसे जीवन्त संपर्क में रहकर आपके सुख दुख के कार्यों में हमेशा सहभागी रहूंगा।

जिस तरह से आप सबसे आशीवर्दि प्राप्त करके मेरे पिता जी ने क्षेत्र के लोगो की सेवा करते हुए विभिन्न विकास कार्यो को कराया तथा आप सबके सुख दुख में हमेशा सहभागी रहे। मै भी पिता जी के पद चिन्हों पर चलते हुए क्षेत्र के विकास कार्यो को आगे बढ़ाऊंगा एवं आप सबकी सेवा में हमेशा उपस्थित रहूँगा।

आप सभी से मै यह प्रार्थना करता हूँ कि मुझ पर भरोसा करते हुए मुझे इस चुनाव में जीत दिलाने हेतु अपना आशीवर्दि अवश्य ही प्रदान करेंगे। मेरा चुनाव चिन्ह 5वें क्रम पर गाड़ी छाप है जिसपर मुहर लगाते हुए अपना अमूल्य मत देकर मुझे विजयी बनायेंगे।

"सादर धन्यवाद सहित"

विनीत : समस्त क्षेत्रवासी जि.पं. क्षेत्र क्र. 11

मतदान दिनांक : 17 फरवरी 2025, समय सुबह - 8:00 बजे से 5:00 बजे

क्षेत्र क्रमांक 11 से जिला पंचायत सदस्य हेतु जुझारू, कर्मठ एवं
युवा प्रत्याशी यशवंत धनेंद्र साहू
को मत पत्र में
5 नंबर - गाड़ी छाप
पर मुहर लगाकर भारी मतो से विजयी बनाएं



गाड़ी
चुनाव चिन्ह
किसान के छाप गाड़ी छाप



आपका सेवक
यशवंत धनेंद्र साहू
तोरला

चुनाव में कलरफुल, शानदार विज्ञापन के लिये संपर्क करें : श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय, राजिम, जिला गरियाबंद, मो. 79871-24123

# भाजपा नेता बोले- प्रचंड जीत जनता के विश्वास की सुनामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





रायपुर नगर निगम में महापौर से साथ ही 60 पार्षदों की प्रचंड जीत को भाजपा नेताओं ने जनता के विश्वास की सुनामी बताया है। सांसद और रायपुर नगर निगम चुनाव के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक व रायपुर नगर निगम चुनाव के सह-संयोजक राजेश मूणत ने यह जीत भाजपा के प्रति जनता-जनार्दन के अगाध विश्वास का परिचायक है।

### ट्रिपल इंजन की सरकार में बहेगी विकास की गंगा



रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में सारे काम सांय-सांय हो रहें हैं। छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए एक-एक वादें पूरे हो रहे हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार में जनता को अब अधिक से अधिक लाभ होगा। विकास की गंगा अविरल बहेगी। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, पिछली बार नगरीय निकायों में भी कांग्रेस पार्टी के ही अधिकत्तर नेता चुनकर आएं थे। सत्ता पाते ही कांग्रेसी बेलगाम हो गए थे और जमकर लूट खसोट किया था।

कांग्रेस के नेताओं ने सोचा, शायद इस बार कुछ नई शिगूफेबाजी की जाए, लेकिन कांग्रेसी-बदनीयती नहीं चल पाई, राजधानी के निकाय चुनाव परिणाम ने यह एकदम साफ कर दिया है।

भाजपा नेताओं ने कहा, रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहीं मीनल चौबे को महापौर प्रत्याशी बनाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर की जनता में भी एक विश्वास का वातावरण था, सुकून का वातावरण था। राजधानी में पहली महिला महापौर देकर भाजपा को इस बात का अत्यधिक गर्व है कि महिला सशक्तीकरण के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को जन-स्वीकृति मिली। श्री अग्रवाल व श्री मूणत ने कहा कि रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों के कांग्रेस का कुशासन खत्म हो चुका है।

### भूपेंद्र बोले- अपने संकल्पों को पूरा करके कांग्रेस मुक्त प्रदेश बनाएंगे



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरीय निकाय चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक भूपेन्द्र सिंह सवन्नी ने कहा कि निकाय चुनावों में इस शानदार जीत के साथ भाजपा सर्वतोमुखी विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके पूरे प्रदेश को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल-कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त प्रदेश को कांग्रेस मुक्त बनाने का काम करेगी। श्री सवन्नी ने कहा, कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके प्रदेश के नगरीय निकायों को अराजकता की दिशा में धकेलने का षड्यंत्र रचा था, जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है और कांग्रेस की दुर्गति उसी का परिणाम है। भाजपा के विकास और सुशासन के प्रति अगाध समर्थन की प्रचंड आंधी में कांग्रेस एक बार फिर तिनके की तरह उड़ गई है। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार और अधिक ताकत के साथ न केवल युवाओं, महिलाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनके विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगी, अपितु उनकी संभावनाओं के आकाश पर उनके सपनों को उड़ान भरने का पूरा मौका देगी।

# पार्षदों की जीत के मामले में भी भाजपा का रहा दबदबा

रायपुर में सबसे ज्यादा 70 में से 60 पर भाजपा ने जीत दर्ज की

## छत्तीसगढ़ में कुल 10 नगर निगम में मेयर और पार्षद पद पर बीजेपी को मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



| नगर निगम | कुल वार्ड | बीजेपी | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 70 | 49 | 18 | 03 |
| रायपुर | 70 | 60 | 07 | 03 |
| अंबिकापुर | 48 | 31 | 15 | 02 |
| धमतरी | 40 | 27 | 08 | 05 |
| राजनंदगांव | 51 | 39 | 08 | 04 |
| कोरबा | 67 | 45 | 11 | 11 |
| दुर्ग | 60 | 40 | 12 | 08 |
| चिरमिरी | 40 | 27 | 11 | 02 |
| जगदलपुर | 48 | 30 | 16 | 02 |
| रायगढ़ | 48 | 33 | 12 | 03 |

छत्तीसगढ़ में नगर निकाय चुनावों के नतीजे आ गए हैं। एक बार फिर से बीजेपी को छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत मिली है। सभी नगर निगमों पर बीजेपी का कब्जा हो गया है। छत्तीसगढ़ में कुल 10 नगर निगम में मेयर और पार्षद पद पर बीजेपी को जीत मिली है। कांग्रेस मेयर चुनाव में भी जीरो पर आउट हो गई है। कांग्रेसी दिग्गजों के गढ़ में पार्टी के उम्मीदवार चुनाव हार गए हैं।

नगर निगम में महापौर पद पर भाजपा ने क्लीन स्वीप कर लिया है। वहीं अधिकतर नगर निगम में भाजपा के पार्षद काफी संख्या में जीत कर आए हैं। नगर निगम में कुल 650 पार्षदों के पद पर चुनाव हुए। अधिकतर नगर निगम में भाजपा ने जीत दर्ज कर मेयर इन काउंसिल में भी अपना बहुतम कायम रखा है। राजधानी रायपुर के 70 वार्ड में भाजपा ने 60, कांग्रेस ने 07 और निर्दलीय ने 03 जगहों पर जीत दर्ज की है।

वहीं दुर्ग जिले के 60 वार्ड में भाजपा ने 40, कांग्रेस ने 12 और निर्दलियों ने 8 जगह पर जीत दर्ज की है। धमतरी के 40 वार्ड में 27 पर भाजपा, 8 पर कांग्रेस और निर्दलीयों ने 5 स्थानों पर जीत दर्ज की है। बिलासपुर के 70 वार्ड में भाजपा ने 40 कांग्रेस ने 25 और निर्दलीय को 5 सीट मिली है। वहीं रायगढ़ नगर निगम में 48 वार्ड में 33 पर भाजपा, 12 में कांग्रेस और तीन पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की वहीं 1 स्थान पर बहुजन पार्टी ने जीत दर्ज की। अंबिकापुर नगर निगम में 48 वार्ड पार्षद के लिए हुए चुनाव में 31 सीट पर भाजपा, 15 पर कांग्रेस और 2 स्थान पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की है। चिरमिरी में 40 वार्ड पार्षद के चुनाव में 27 भाजपा, 11 कांग्रेस और दो पर अन्य ने जीत दर्ज की। वहीं राजनांदगांव के 51 वार्ड के लिए चुनाव में भाजपा के 39, कांग्रेस के 8 और 4 निर्दलीय और सीपीआई के 1 पार्षद ने चुनाव जीता। जगदलपुर नगर निगम के 48 वार्ड के लिए हुए चुनाव में भाजपा के 30, कांग्रेस के 11 और अन्य को 2 जगहों में जीत मिली। कोरबा नगर निगम के 67 वार्ड में 45 पर भाजपा, 11 पर कांग्रेस और 11 में निर्दलियों ने जीत दर्ज की।

# महिला मरीज की मौत, चार महीने पहले जांच में दोषी तय पर कार्रवाई अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला मरीज की मौत के मामले मे चार माह पहले ही कमेटी ने जांच के बाद दोषी तय कर दिया था। रिपोर्ट स्वास्थ्य संचालनालय तक पहुंची, जहां जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय करने के बजाए दबा दिया गया। इस रिपोर्ट के अभाव में पुलिस ने भी किसी तरह का एक्शन नहीं लिया।

- निजी अस्पताल, एंबुलेंस और एयर क्राफ्ट में हुई थी सिलसिलेवार लापरवाही

लालपुर स्थित एक अस्पताल में भारती देवी खेमानी की एयर एंबुलेंस में हैदराबाद ले जाने के दौरान मौत हो गई थी। मामले में खेमानी परिवार न्याय की मांग के लिए लगातार मंत्री और अफसर के चक्कर लगा रहे हैं, मगर अब तक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। प्रकरण में परिवार वालों ने मौत की वजह विभिन्न तरह की लापरवाही को बताते हुए पुलिस में शिकायत की थी। हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट महिला की तबीयत खराब होने पर उसे लेकर वापस रायपुर में उतर गई थी। पुलिस के पत्र के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की थी। कमेटी ने जांच के बाद जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें महिला की मौत के लिए अस्पताल के साथ एबुंलेंस और एयरक्राफ्ट वालों को भी दोषी माना गया था। सिंतबर में हुई घटना की जांच रिपोर्ट अक्टूबर में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को भेज दी गई थी जिसे संचालनालय स्तर पर दबा दिया गया। मामले में कार्रवाई के लिए टिकरापारा थाना का स्टाफ इस जांच रिपोर्ट का इंतजार करता रहा, जो उसे अब तक नहीं दिया गया है।

### जांच कमेटी ने दिया था अभिमत

जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में संबंधित अस्पताल पर मरीज को बिना डॉक्टर के एंबुलेंस में भेजने। एंबुलेंस कंपनी पर अस्पताल से एयरपोर्ट के लंबा सफर के दौरान लापरवाही बरतने, एयरक्राफ्ट स्टाफ और डाक्टरों पर बिना किसी सूचना के मरीज को हैदराबाद के बजाए वापस रायपुर लाने का आरोप था।

## खबर संक्षेप



### सिंधी प्रीमियर लीग 24 से, पोस्टर विमोचित

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 24 फरवरी से 9 मार्च तक सिंधी प्रीमियर लीग एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। नेताजी सुभाष स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे, जिसका गुरुवार को पोस्टर विमोचित किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि 130 खिलाड़ी भाग लेंगे और 56 मैच होंगे, हर मैच 10 ओवर का होगा। पोस्टर विमोचन में संजय रहेजा, विक्की लोहाना, रवि ग्वालिनी, अविनाश माखीजा, सुमित आठवानी, धनेश मटलानी, आकाश गजवानी, राहुल होतवानी, पंकज बजाज, अभय आठवानी, बंटी चावला, सुमीत नैनवानी उपस्थित थे।

### रेल्वे स्टेशन के सामने भंडारा



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस के अवसर पर रेल्वे स्टेशन के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे गुरुवंदना से हुई । इसके बाद मंगल आरती कर भण्डारे का शुभारंभ किया गया। जिसमें नागरिकों को हलुवा, पुलाव, कढ़ी का वितरण किया गया।कार्यक्रम में योग वेदांत सेवा समिति के रामदयाल पाटीदार, महेश बृजवानी, रामनारायण साहू, जगदीश पंजवानी, रवि कुकरेजा, महिला उत्थान मण्डल की सदस्य सहित सेवादार उपस्थित थे ।

### ऑटो में सवारी बैठाने के नाम पर चालक से मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के खिलाफ सवारी बैठाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल सिंह ने अभय कश्यप के ड्राइवर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि वह ऑटो स्टैंड में सवारी बैठा रहा था। इसी दौरान अभय का ड्राइवर मौके पर पहुंचा और सवारी बैठाने को लेकर उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### स्कूटी को ठोका, विवाद के बाद युवक को पीटा

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कचना निवासी उमाशंकर महिलाने ने बाइक सीजी 06 जीजी 2909 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमाशंकर ने पुलिस को बताया कि पंडरी कपड़ा मार्केट में बाइक चालक ने उसकी स्कूटी को ठोकर मार दी। रुकने का इशारा करने पर बाइक चालक ने उमाशंकर के साथ मारपीट की।

## पेज 11 के शेष ...

### रायपुर के इतिहास में...

ऐसा हुआ जब नगर निगम के 70 वार्ड में से महज 7 वार्ड में ही कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत पाये, जबकि 60 वार्डो में भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद के पद पर काबिज हुये। निर्दलीय के खाते में 3 सीटें आयीं। इनमें से एक निर्दलीय कांग्रेस से बागी हुये पूर्व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी हैं, जिन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से पार्षद पद का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा।

### छत्तीसगढ़ के इतिहास में...

निगम की सत्ता में रही, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद सरकार के कार्यकाल के करीब सवा साल के कार्यकाल के बाद हुए चुनाव में रायपुर निगम में भाजपा ने फिर तगड़ी वापसी का इतिहास बना लिया है। **रायपुर-बिलासपुर, दुर्ग में टूटा कांग्रेस का तिलिस्म :** छत्तीसगढ़ की राजनीति में रायपुर और बिलासपुर और दुर्ग में कांग्रेसी वर्चस्व को भाजपा ने तोड़ दिया है। ये तीनों निगम, विधानसभा की सीटों और राजनीतिक गतिविधियों और दिग्गजों का गढ़ माना जाता है। इन तीनों में सामान्यतः कांग्रेस ने ही नगर निगमों पर राज किया है। बिलासपुर रायपुर में एकाध बार को छोड़ कांग्रेस ही निगम की सत्ता में बनी रही है। लेकिन इस बार भाजपा ने रायपुर बिलासपुर में कांग्रेस के तिलिस्म को तोड़ दिया है।

### एकात्म परिसर में...

कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। पूरा परिणाम आने से पहले ही एकात्म परिसर में जीत का जश्न मनना प्रारंभ हुआ और भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। परिणाम आने के बाद भी जीत का जश्न मना और मिठाइयां बांटी गईं।

### पार्षद चुनाव में सबसे...

करीबी मुकाबला देखने को नहीं मिला, लेकिन फिर भी मोतीलाल के अलावा कुछ वार्ड और ऐसे रहे, जहां जीत का अंतर 100 वोट से कम है।

### सीएम के वार्ड में...

रहीं, बल्कि यहां की पूर्व कांग्रेस पार्षद नीलम जगत को हराकर नया रिकार्ड भी बनाया। उन्होंने पूर्व पार्षद को एक हजार से अधिक वोटों से पराजित किया है। चुनाव में खुद के पांच हजार, बाकी पार्टी ने उठाया खर्च : संजना हियाल गरीब वर्ग की एक घरेलू महिला हैं, लेकिन वार्ड में वह अपनी छवि के कारण लोकप्रिय भी हैं। उनके पति संतोष हियाल प्राइवेट नौकरी में हैं, लेकिन संजना की वार्ड में लोकप्रियता को देखते हुए पार्टी ने मध्य या अमीर प्रत्याशी पर भरोसा नहीं दिखाकर उन्हें प्रत्याशी के रूप में चुनाव में उतारा। चुनाव जीतने के बाद संजना ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगी और वार्ड को पहले से और बेहतर करने की दिशा में काम करूंगी। भाजपा नेता श्याम चावला ने बताया कि पार्टी ने संजना को टिकट देने के बाद उसे जीताने को चुनौती के रूप में लिया था। उन्होंने बताया कि गरीब वर्ग की होने के कारण संजना के पास चुनाव लड़ने के लिए सिर्फ पांच हजार रुपए ही थे। इसे देखते हुए चुनावी खर्च में पार्टी और कार्यकर्ताओं की ओर से उनकी मदद की गई।

### जीत के अंतर से...

साहू और कांग्रेस से गावेश साहू यहां मैदान में थे। शुरुआती चरणों से ही दोनों के मध्य कांटे की टक्कर थी। सर्वाधिक रोमांचक यहां के नतीजे रहे। ना केवल मोतीलाल वार्ड बल्कि शहर के सभी वार्ड में नोटा को वोट मिले। पूरे शहर में 5 हजार 556 मतदाताओं को किसी भी पार्टी का प्रत्याशी नहीं भाया। इन्होंने नोटा में वोट डालना उचित समझा। सभी वार्ड में निर्दलीय से ज्यादा नोटा : वार्ड क्रमांक-37 में निर्दलीय प्रत्याशी शंकर निर्मलकर को 45 तथा नोटा को 69 वोट हासिल हुए। वार्ड क्रमांक-38 में निर्दलीय रमाशंकर को 51 व नोटा को 55, वार्ड क्रमांक-40 में निर्दलीय मोहित को 60 व नोटा को 86, वार्ड क्रमांक-42 में निर्दलीय श्यामरतन को 33 व नोटा को 108, वार्ड क्रमांक-43 में निर्दलीय अनिता को 37, रवि को 36 व नोटा को 63, वार्ड क्रमांक-51 में निर्दलीय लक्ष्मी को 53 व नोटा को 65, वार्ड क्रमांक-52 में निर्दलीय सूरज को 13 व नोटा को 61, वार्ड क्रमांक-53 में निर्दलीय ईतवारी को 44, शक्ति सेना के शैलेंद्र बंजोर को 21 और नोटा को 93 वोट मिले। इसी तरह से वार्ड क्रमांक-56 में निर्दलीय निलेश को 44 व नोटा को 44, वार्ड क्रमांक-60 में निर्दलीय सुखीराम को 32 व नोटा को 75, वार्ड क्रमांक-61 में निर्दलीय गिरीशंकर को 13, जितेंद्र को 16,मुकंद को 38, सीताराम को 14, टीकाराम को 44 और नोटा को 81 वोट मिले। वार्ड क्रमांक-62 में निर्दलीय संतोष को 58 व नोटा को 64, वार्ड क्रमांक-63 में निर्दलीय उमाशंकर को 35 व नोटा को 51, वार्ड क्रमांक-64 में निर्दलीय अरुण को 58 व नोटा को 63, वार्ड क्रमांक-66 में निर्दलीय पुरूषोत्तम को 69 व नोटा को 78 वोट मिले। वार्ड क्रमांक-67 में शिवसेना के बृज यदु को 67, धूं सेना की दीपशिखा को 35, निर्दलीय गौरी केशरवानी को 43 वोट तो नोटा को 88 मत मिले।

# छोटे स्टेशनों के प्लेटफार्म की बढ़ाई जा रही लंबाई, गर्मी में मिलेगी छांव, स्टॉपेज और कोच इंडिकेटर बोर्ड्स की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत अब छोटे रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने लगी है। यात्रियों को यहां अब आधुनिक सुविधाएं मिलने लगेंगी। शहर से जुड़े सरोना रेलवे स्टेशन पर हर साल गर्मी के मौसम में यात्रियों को धूप में खड़े होकर अपनी ट्रेन का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब इस स्टेशन पर चार बड़े शेड लगाए जा चुके हैं, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके अलावा, सरोना स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म छोटा था, जिसके कारण अक्सर ट्रेन के तीन कोच प्लेटफार्म से बाहर निकल जाते थे, जिससे चढ़ने-उतरने में यात्रियों को दिक्कत होती थी।

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास

अब रेलवे प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ा रहा है, ताकि यह समस्या हल हो सके और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसी तरह की सुविधाएं मंदिर हसौद और हथबंध स्टेशनों पर भी दी जाएगी। इन स्टेशनों में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 400 से 800 यात्रियों की आवाजाही रहती है। रेलवे इन स्टेशनों के पुनर्विकास पर काम कर रहा है, और इस निर्माण कार्य की 70 फीसदी प्रगति हो चुकी है। जल्द ही इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



### स्टॉपेज बढ़ाने का भी प्रयास

सरोना स्टेशन में रोजाना 800 से अधिक यात्री ट्रेन में सफर करते हैं। ऐसे में रेलवे बोर्ड सुविधाएं बढ़ाने के बाद स्टेशन में ट्रेनों का स्टॉपेज भी बढ़ सकता है, जिससे बाद यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए मुख्य स्टेशन में जाना नहीं पड़ेगा। भिलाई पावर हाउस और तिल्दा में रुकने वाली कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज मिल सकता है। स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन व कोच इंडिकेटर बोर्ड्स की सुविधा भी बढ़ेगी।

### वेटिंग हॉल के साथ सुरक्षा भी

स्टेशनों में वेटिंग हॉल, पार्किंग के साथ प्लेटफार्म में आधुनिक कैमरा भी लगाया जा रहा है। यह कार्य भी 50 फीसदी पूरा हो चुका है। योजना के तहत अन्य स्टेशनों में भी फुटओवर ब्रिज, लिफ्ट एस्कलेटर,सर्कुलटिंग एरिया का उन्नयन, वेटिंग हाल और टायलेट का उन्नयन, स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड, पार्किंग स्थान में वृद्धि, प्लेटफार्म एरिया का विस्तार, शेड, स्थानीय कला और संस्कृति के अनुसार स्टेशन के वाह्य स्वरूप का उन्नयन किया जा रहा।

### योजना में छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशन शामिल

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास किया जाना है, जिसमें सरोना, मंदिर हसौद, हथबंध, निपनिया, भाटापारा, डोंगरगढ़, कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, भिलाई नगर, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराझहरा, भानुप्रतापपुर और भिलाई स्टेशन शामिल है।

## बिजनेस साइट

# जोखिम और लाभ में संतुलन : एसेट आवंटन क्यों मायने रखता है

**रायपुर।** अक्सर देखा गया है कि निवेशक उन एसेट क्लास से अत्यधिक जुड़कर हालिया पूर्वाग्रह के जाल में फंस जाते हैं जो इस समय अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, जब उनके पोर्टफोलियो के मूल्यांकन में अचानक गिरावट आती है, तो उन्हें परिणामों को संभालना मुश्किल लगता है। यह भावनात्मक प्रतिक्रिया अस्वस्थ निवेश निर्णयों की ओर ले जाती है जो लक्ष्य -केंद्रित वित्तीय योजनाबंदी के समग्र उद्देश्य को विफल कर देती है।

इससे बचने के लिए, जोखिम को समाप्त करने और डायर्विसीफिकेशन पर केंद्रित निवेश रणनीति अपनाना आवश्यक है। एसेट आवंटन इस संतुलन को प्राप्त करने में मदद करता है। एसेट क्लास में निवेश को फैलाकर, एक में खराब प्रदर्शन को दूसरे द्वारा ऑफसेट किया जा सकता है, जिससे पोर्टफोलियो स्थिर विकास पथ पर बना रहता है। यह दृष्टिकोण इस कहावत के अनुरूप है, ₹अपने सभी अंडे एक टोकरी में न रखें।₹ यदि टोकरी गिरती है, तो सभी अंडे टूट जाते हैं । इसी तरह, डायर्विसीफिकेशन आपके पूरे पोर्टफोलियो को प्रभावित करने वाली एक भी गिरावट के जोखिम को कम करता है।



आकाश तिवारी
चाणक्य कैपिटल सर्विसेज रायपुर

डायर्विसीफाइड एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाकर, निवेशक अपनी एसेट के लिए अधिक स्थिर और सस्टेनेबल ट्राजेक्ट्री प्राप्त कर सकते हैं, अस्थिरता के प्रभाव को कम कर सकते हैं और लॉन्गटर्म सफलता की संभावना को बढ़ा सकते हैं । लक्ष्य सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट क्लास का पीछा करना नहीं है, बल्कि एक बैलेंस्ड पोर्टफोलियो बनाए रखना है जो विभिन्न बाजार स्थितियों का सामना कर सके । खुश, शांतिपूर्ण और तनाव मुक्त निवेश अनुभव ही एक निवेशक को सफल बनाता है।

एसेट एलोकेशन की रणनीति भी ठीक यही करती है, जिसमें इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट जैसे एसेट वर्गों में फंड का उचित आवंटन किया जाता है । इक्विटी ग्रोथ एलीमेंट लाती है जबकि डेट पोर्टफोलियो में स्थिरता जोड़ता है। दूसरी ओर, सोना मुद्रास्फीति के खिलाफ एक मजबूत बचाव के रूप में कार्य करता है जबकि रियल एस्टेट इंस्ट्रूमेंट्स यील्ड्स को बढ़ाते हैं ।

वास्तव में, एसेट एलोकेशन में लॉन्गटर्म वेल्थ क्रिएशन के लिए आवश्यक सभी प्रमुख निवेश मूल बातें शामिल हैं। यह निवेश को वास्तव में फलदायी बनाने के लिए एक जांची - परखी और सदाबहार रणनीति है ।

बेहतर एसेट एलोकेशन को प्राप्त करने का सबसे स्मार्ट और आसान तरीका म्यूचुअल फंड के माध्यम से है। ग्रोथ आधारित एसेट एलोकेशन समाधान की तलाश करने वाले लोग आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) में निवेश पर विचार कर सकते हैं। ये फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है। 31 जनवरी, 2025 तक, फंड ने एक वर्ष में 11.90 फीसदी रिटर्न दिया है, जिसमें तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 12.92 फीसदी और 13.87 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न है ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202502115500005
अ- 6 / वर्ष 2025
सारागांव, दिनांक 13/02/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीव कुमार पिता रमेश चंद अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता रमेशचंद पिता नथमल अग्रवाल के नाम पर ग्राम जरौदा, प.ह.न. 11, तह. धरसींवा, जिला - रायपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नं. 532/7 रकबा 0.304 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। भूमि स्वामी के मृत्यु उपरांत वसीयतनामा के आधार पर उक्त भूमि परिवर्तित भूमि होने के कारण वि.क.अ. परिवर्तित शाखा रायपुर के रा.प्र.क्र. 876 अ-6 वर्ष 2012-13 आदि. 16/03/2013 के अनुसार वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किया गया है परंतु वर्तमान आनलाईन भुइँया अभिलेख में उक्त भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है। अतएव उक्त भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/02/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ यादव समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा 33वां राज्य स्तरीय यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शहीद स्मारक भवन में 16 फरवरी को आयोजित है। साथ ही सामाजिक आदर्श सामूहिक विवाह का भी कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से भी यादव महिला, पुरुष, युवक, युवती, बुजुर्ग, समाज प्रमुख, मंत्री, विधायक शामिल होंगे। परिचय सम्मेलन में विवाहयोग्य, युवक-युवती, परित्यक्ता, विधवा, विधुर, दिव्यांग प्रतिभागी भी शामिल हो सकेंगे। साथ ही समाज को गौरवान्वित करने वाले यादव बंधुओं, राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान भी किया जाएगा।

## निधन

### दमयंती देवी श्रीवास्तव



**रायपुर।** रोहिणीपुरम निवासी दमयंती देवी श्रीवास्तव (82) का 15 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे सुरेशचंद्र श्रीवास्तव की पत्नी, राजेश, किरण लता, राजीव लोचन, ममता लाल, ज्योति उपाध्याय और चंद्रशेखर श्रीवास्तव की माता थीं।

### राजबती साहू



**रायपुर।** कमल विहार डूंडा निवासी राजबती साहू (70) का 14 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 फरवरी को डूंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे बरातुराम साहू, विष्णुलाल साहू की भाभी और बंशीलाल साहू, अनुक, मनी, कृष्णा साहू के बड़ी मां थीं।

# नए फीचर के साथ ट्रैक पर उतरेगी वंदे भारत, स्लीपर क्लास के साथ अब पेंट्रीकार की भी मिलेगी सुविधा, कोच में कई बदलाव

200 नई वंदे भारत में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को भी मिल सकती है सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

भारतीय रेल में वंदे भारत एक्सप्रेस अब यात्रियों की पहली पसंद बन चुकी है। इस बार के आम बजट में रेलवे के लिए 200 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का लक्ष्य रखा गया है, जो स्लीपर डिब्बों के साथ होंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को वंदे भारत के मिलने की संभावना जताई जा रही है। अब तक वंदे भारत एसी और चेयरकार क्लास में ही उपलब्ध थीं, लेकिन यात्रियों की डिमांड को देखते हुए इसे स्लीपर क्लास में भी तैयार किया जा रहा है। पहली वंदे भारत चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में तैयार की गई थी। इस बार इस फैक्ट्री में नए फीचर्स के साथ 50 वंदे भारत एक्सप्रेस तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। नई वंदे भारत की खासियत यह है कि यह लंबी दूरी के सफर के लिए सक्षम होगी और इसमें खानपान की व्यवस्था के लिए पैंट्री कार भी होगी। मौजूदा वंदे भारत में स्लीपर क्लास के कोच में कई बदलाव किए गए हैं, जो नई वंदे भारत के कोच में दिखेंगे।

## 2025-26 में दो हजार सामान्य कोच तैयार करने का लक्ष्य

### 16 से 24 कोच वाले रैक होंगे तैयार

नई वंदेभारत ट्रेन को जहां नए फीचर के साथ तैयार किया जाएगा। वहीं इन में कोच संख्या भी अलग-अलग होगी। एक रैक जहां 16 डिब्बों की होगी, तो वहीं दूसरी 24 डिब्बों वाली तैयार की जाएगी। इन कोच को रेलवे की फैक्ट्री लातूर, महाराष्ट्र और चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, आईसीएफ में तैयार किया जाएगा।



### नान एसी कोच जोड़ने की तैयारी

आम बजट में रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। आने वाले वर्षों में जहां दो सौ नई वंदे भारत ट्रेनों को नए फीचर व पैंट्रीकार के साथ तैयार किया जाएगा, वहीं सौ अमृत भारत ट्रेन, पचास नमो भारत रैपिड रेल तैयार होंगी। जबकि 17 हजार 500 जनरल नान एसी कोच भी जोड़े जाने की तैयारी है। यही नहीं 1400 नए कोच का निर्माण भी किया जाना है। साल 2025-26 में दो हजार सामान्य कोच तैयार करने का लक्ष्य है।

### शिकायत पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, इसकी सूबेदार को थी जानकारी

# जहां हुई डकैती वहां एक माह पूर्व हो चुकी है चोरी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अनुपम नगर में मनोहरण वेलू के घर डकैती की घटना में नए तथ्य सामने आए हैं। जिनके यहां डकैती की घटना हुई है, उनके यहां एक माह पूर्व चोरी की कोशिश हुई थी, जिसकी शिकायत मनोहरण ने खम्हारडीह थाने में की थी। शिकायत की अनदेखी करते हुए पुलिस ने किसी तरह की जांच नहीं की। इसकी जानकारी मनोहरण के करीबी बीएसएफ के सेवानिवृत्त सूबेदार ए. सोम शेखर को थी।

चोरी की शिकायत पर पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से सूबेदार को बल मिला। इसके बाद उसने डकैती डालने अपने साथियों को सेना की वर्दी में आने के लिए कहा। यही वजह है कि सेना की वर्दी में पहुंचे बदमाश मनोहरण को थाने में कंप्लेंट करने की बात कहते हुए घर के अंदर दाखिल हुए। पूर्व में ही पुलिस मनोहरण की शिकायत पर कार्रवाई करती, तो बदमाश डकैती जैसी घटना को अंजाम देने के पहले सोचते।

### इसलिए सूबेदार ने अपने साथियों को डकैती डालने जांच करने का झांसा देने वर्दी में भेजा


महिला सहित 10 डकैत जेल दाखिल, मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझी पुलिस

बीएसएफ का पूर्व सूबेदार निकला डकैती का मास्टरमाइंड, 10 आरोपी गिरफ्तार

नेहा का पिता बीएसएफ का सेवानिवृत्त अफसर

फौजी ड्रेस बनी फंसने की वजह

नेहा ने कार में अलग से रुपए छिपाए

मामला ठंडा होने तक शांत बैठने के निर्देश

मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझन में पुलिस

### कड़ी जोड़ने के बाद पुलिस ने आखिरी में सूबेदार को किया अरेस्ट

डकैती की जांच में जुटी पुलिस को अमलेश्वर जाने वाले मार्ग पर पांच डकैतों के सीसीटीवी फूटेज मिल गए। पांचों को आईडेंटिफाई करने के बाद पुलिस ने सबसे पहले उनकी गिरफ्तारी की। इसके बाद अन्य चार बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सोम शेखर को आखिरी में गिरफ्तार किया। नौ आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी सोम शेखर अपनी गिरफ्तारी को लेकर बेफिक्र था। उसे लग रहा था कि पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाएगी।

### 'शिकायत' ने जांच की दिशा बदली

*डकैती की घटना के बाद पुलिस पीड़ित भाई बहनों से पूछताछ कर रही थी, तब मनोहरण ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया था कि डकैत घर में घुसने के साथ उनसे थाने में शिकायत किए जाने की बात कही थी। पुलिस ने डकैतों की शिकायत वाली बात को पंच लाइन मानकर जांच की दिशा में आगे बढ़ाते हुए नए सिरे से पूछताछ की। पूछताछ में मनोहरण ने पुलिस को जानकारी दी थी कि घर में चोरी होने की शिकायत करने की जानकारी उन्हें तथा घर में रह रही दो बहनों के अलावा सोम शेखर को थी।*

### भाजपा से अटल विश्वास पत्र को पूरा करने की अपेक्षा : जनता कांग्रेस

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, पार्टी की ओर से हम छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सभी नगर निगमों में जीत पर हार्दिक बधाई देते हुए जनता के विश्वास, उनकी आकांक्षाओं और जनादेश का सम्मान करते हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा, भाजपा के विकास के एजेंडे और अटल विश्वास पत्र में प्रस्तुत योजनाओं पर जनता ने विश्वास किया, हम उम्मीद करते हैं कि भाजपा इस ऐतिहासिक जनादेश का सम्मान करते हुए अपने वादों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम करेगी।

उन्होंने कहा, भाजपा से अपेक्षा है कि वह अपने घोषणा पत्र, अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा करेगी। शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, झुग्गीवासियों भूमि स्वामी हक, महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दे शामिल हैं। जनता ने भाजपा को जो जनादेश दिया है, उसके पीछे उनका विकास और सुशासन की उम्मीदें हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भाजपा इन उम्मीदों पर खरा उतरेगी और छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में समृद्धि और विकास के नए अध्याय लिखेगी।

# कुंभ स्नान को गए सब इंस्पेक्टर के घर को चोरों ने बनाया निशाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नकदी सहित नौ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

चोर आम आदमी से लेकर पुलिसकर्मियों के घर तक को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में आमानाका थाना क्षेत्र के सन सिटी में निवासरत एक सब इंस्पेक्टर के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए 70 से 80 हजार रुपए नकदी सहित नौ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना 30 जनवरी से 13 फरवरी के बीच की है। सब इंस्पेक्टर परिवार सहित गृह प्रवेश के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज गए हुए थे, तब सब इंस्पेक्टर के घर चोरी की घटना हुई।

अशोक मिश्रा की पत्नी निर्मला मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। निर्मला ने पुलिस को बताया है कि कोई अज्ञात चोर उनके मकान के दरवाजे में लगा ताला तोड़ने के बजाय पेंचकस से दरवाजा का स्क्रू निकालकर मकान के अंदर दाखिल हुआ। आलमारी को पेंचकस से अड़ाकर खोल लिया और अलमारी में रखे जेवर तथा नकदी रकम चोरी कर लिया। घटना के बाद मौके की जांच करने के साथ पुलिस की डॉग स्क्वाड टीम पहुंची थी, लेकिन चोरों के बारे में पुलिस को किसी भी तरह से कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों के बारे में पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।

## बिजनेस साइट

### एनटीपीसी के आईपीएस-2025 का भव्य समापन

**रायपुर।** एनटीपीसी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारतीय विद्युत स्टेशन (आईपीएस-2025) ओएंडएम सम्मेलन शनिवार को टेक्नोगैलेक्सी पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि टेक्नोगैलेक्सी प्रदर्शनी में कुल 59 स्टॉल (43 विक्रेता श्रेणी और 16 एनटीपीसी के) ने अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया, जिसे विद्युत पेशेवरों ने खूब सराहा।



समापन सत्र में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में रवींद्र कुमार, पीके मिश्रा, एके मनोहर, यूएच गोखे, कार्यकारी निदेशक (यूएसएससी) और निर्णायक मंडल के सदस्यों ने एनटीपीसी श्रेणी में पूर्वी क्षेत्र-II, भुवनेश्वर को टेक्नोगैलेक्सी विजेता ट्रॉफी प्रदान की, इसके अलावा एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र-II, नवा रायपुर और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड को क्रमश दूसरा और तीसरा पुरस्कार प्रदान किया।

### हैंडलूम और हस्तशिल्प मेले में ग्राहकों की भीड़, पारंपरिक कला को मिल रहा बढ़ावा

**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी गेट नंबर-1 के सामने ओपन ग्राउंड में आयोजित हैंडलूम-हैंडीक्रॉफ्ट एक्सपो में देशभर के शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, उत्तरप्रदेश, कश्मीर, बिहार, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के शिल्पकारों ने भाग लिया है। यहां हस्तनिर्मित वस्त्रों और कलात्मक कृतियों की व्यापक रेंज उपलब्ध है, जिसे ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। आयोजन में पारंपरिक वस्त्रों की अनोखी रेंज है। एक्सपो में कश्मीरी साड़ियां, कुर्तियां, आरी वर्क और कानी डिजाइन का बेहतरीन कलेक्शन है। इसके अलावा भागलपुरी साड़ियों में मूंगा सिल्क, सिल्क लिनेन, मधुबनी प्रिंट, कलमकारी और बाटिक प्रिंट की आकर्षक रेंज भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। प्रदर्शनी में वस्त्रों की कीमत किफायती रखी गई है, साथ ही 20 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है।



### हार्ट अटैक संबंधित मिथकों को पहचानना है जरूरी



**रायपुर।** वी-वाय हास्पिटल रायपुर और छत्तीसगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों और उच्चतम चिकित्सा सुविधाओं के लिए प्रसिद्ध है। विशेष रूप से हृदय रोग के उपचार में डॉ. अक्षत जैन, जो मुंबई के प्रतिष्ठित जेजे अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट हैं, उन्होंने वी-वाय हास्पिटल में हार्ट कंसल्टेंट के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की हैं। छत्तीसगढ़ में हृदयरोग से पीड़ित मरीजों को अब उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिल रहा है। डॉ. अक्षत जैन ने हार्ट अटैक से संबंधित कई मिथकों का पर्दाफाश किया और मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक के लक्षणों को समझना और सही समय पर हृदयरोग विशेषज्ञ से इलाज कराना बहुत जरूरी है, क्योंकि समय पर इलाज से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि हार्ट अटैक के बारे में कई गलत धारणाएं लोगों के बीच फैली हुई हैं, जैसे कि यह केवल बड़े लोगों को ही होता है या अगर कोई व्यक्ति स्वस्थ दिखता है तो उसे हार्ट अटैक नहीं हो सकता। उन्होंने इन सभी मिथकों को खारिज किया और लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएं और दिल के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

### छग माइनिंग शो और सोलर एक्सपो 2025 का उद्घाटन


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के श्रीराम बिजनेस पार्क में आयोजित दूसरे छत्तीसगढ़ माइनिंग एंड सोलर एक्सपो का उद्घाटन विधायक मोतीलाल साहू ने किया। इस दौरान भारत पेट्रोलियम के वेस्ट रीजनल हेड नंदन कुमार सिंह, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय समेत अन्य प्रमुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि इस एक्सपो में देशभर से आई कंपनियों को छत्तीसगढ़ में अपने व्यापार को फैलाने के लिए सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही राज्य में माइनिंग और सोलर सेक्टर में काम करने वाले व्यापारियों को नई तकनीकों से परिचित होने का अवसर मिल रहा है। श्री साहू ने एसईसीएल, सीसीएल,



सीएमपीडीआई, भारत पेट्रोलियम, तोर्सा मशीनरी, टाटा स्टील कंसल्टेंट, जिट्रॉन, जैसी कंपनियों के स्टॉलों का भ्रमण किया।

### बालाजी हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से हो रही रेटिना की सर्जरी

**रायपुर।** आंखों से संबंधित गंभीर समस्याओं और रेटिना सर्जरी के इलाज के लिए मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब आयुष्मान कार्ड से रेटिना सर्जरी एडवांस मशीनों से संभव हो गई है। यहां पर नेत्ररोग विशेषज्ञों की एक बड़ी टीम मौजूद है, जो मरीजों का इलाज कर रही है। हाल ही में पांडातराई निवासी महिला मरीज चमेली बाई सोनी की रेटिना सर्जरी की गई। असिस्टेंट प्रोफेसर और विट्रो-रेटिना कंसल्टेंट डॉ. नेहा बीएस पांडे ने बताया कि मरीज का रेटिना खिसक गया था, लेकिन मरीज को दो महीने तक इस बात का पता ही नहीं चला कि उनकी एक आंख का पर्दा फट गया था, क्योंकि दूसरी आंख से उन्हें ठीक दिखाई दे रहा था। जब मरीज अस्पताल आई और चेकअप कराया, तब सर्जरी की सलाह दी गई। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ महसूस कर रही हैं और इलाज से संतुष्ट हैं।



### इंडियन ओवरसीज बैंक ने मनाया अपना 89वां स्थापना दिवस

**रायपुर।** इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने अपने 89वें स्थापना दिवस को विशेष रूप से मनाया। इस अवसर पर बैंक ने नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की रायपुर शाखा, 'प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठ', के दृष्टिहीन बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। बैंक ने बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें विजेताओं और अन्य सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा बैंक के छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख गौरीशंकर नायक के नेतृत्व में प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठ के बच्चों के लिए एक म्यूजिक सिस्टम और डेस्कटॉप कंप्यूटर सेट भी भेंट किए। कार्यक्रम में युवा संस्था रायपुर के संस्थापक एम. राजीव अधीक्षक जीएसटी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में इंडियन ओवरसीज बैंक के मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार यादव ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम के पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।






# नौकरी लगाने के नाम पर पांच करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सीजीपीएससी के चेयरमैन टामन सोनवानी के साला सहित अब तक सात गिरफ्तार

अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने शनिवार को एक अन्य आरोपी को धमतरी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी धमतरी में किसी स्कूल में पढ़ाने का काम करता है। पुलिस ने जिसे गिरफ्तार किया है, वह पूर्व में गिरफ्तार सीजीपीएससी टामन सोनवानी का साला देवेंद्र जोशी के लिए कमीशन एजेंट के रूप में कार्य करता था। ठगी के आरोप में पुलिस ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देवेंद्र के मददगार कपिल देशलहरे को गिरफ्तार किया है। कपिल ने पुलिस को बताया है कि उसने अलग-अलग लोगों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 57 लाख रुपए कलेक्ट कर देवेंद्र जोशी को पहुंचाने का काम किया है। ग्राहक लाने के बदले में देवेंद्र, कपिल को कमीशन देता था। कमीशन पाने के लालच में कपिल ने शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी लगाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया।

### कमीशन एजेंट गिरफ्तार



**अब तक इनकी हो चुकी है गिरफ्तारी :** कपिल देशलहरे, देवेन्द्र कुमार जोशी, झगीता जोशी, स्वप्निल दुबे, नफीज आलम, हलधर बेहरा, सोमेश दुबे।

### ठगी का शिकार होने के बाद बना ठग

कपिल ने पुलिस को बताया है कि देवेंद्र ने पूर्व में उसकी पत्नी को नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। नौकरी नहीं मिलने पर उसने देवेंद्र से पैसे वापस मांगे, तो देवेंद्र ने कपिल को पैसा देने के बजाय जरूरतमंद लोगों को नौकरी लगवाने के एवज में कमीशन देने का लालच दिया। देवेंद्र के झांसे में आकर कपिल शिक्षित बेरोजगारों को अपने झांसे में लेने लगा। नौकरी के नाम पर ठगी के शिकार होने वाले अब तक 65 लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# हवा में बदलाव की गति धीमी, शहर में सुबह-सवेरे ठंड का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव धीमे-धीमे हो रहा है। इसकी वजह से बस्तर को छोड़कर शेष इलाकों में सुबह-सुबह ठंड का प्रभाव बना हुआ है। अंबिकापुर और बलरामपुर में तापमान दस डिग्री से नीचे होने की वजह से अच्छी ठंड पड़ रही है और इसका प्रभाव दो दिन और रहने की संभावना है।

प्रदेश में फरवरी का पहला सप्ताह गर्मी के साथ बीता, मगर दूसरे सप्ताह में ठंड की वापसी हुई, जो अभी भी असरदार है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर से आने वाली ठंडी हवा ने बलरामपुर, अंबिकापुर सहित सरगुजा संभाग के साथ रायपुर समेत मध्य इलाके को प्रभावित कर रही है। हवा की दिशा धीमे-धीमे बदल रही है, जिसकी वजह से अभी भी ठंड का प्रभाव है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में हल्की ठंड महसूस हुई और रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा।अंबिकापुर और बलरामपुर में तो ठंड काफी असरदार रही और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री तक नहीं पहुंच पाया। अगले दो दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद 17 फरवरी को आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से रात की ठंड कम हो सकती है। अगले दो दिन में रात और दिन के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य का सबसे अधिकतम तापमान दुर्ग में 34.4 रिकार्ड किया गया।

# महापौर के 5 प्रत्याशी नहीं छू पाए हजार का आंकड़ा, 54 पार्षद प्रत्याशियों को पड़े 100 से कम वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर नगर निगम में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में 54 ऐसे प्रत्याशी भी है, जिन्हें वोट तो मिले पर 100 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएं। इससे पता चलता है कि ये प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए साहस तो दिखा पाएं, लेकिन मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित कर नहीं पाएं। जिन प्रत्याशियों को 100 से कम वोट मिले हैं, उनमें आप पार्टी, शिवसेना, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी सहित अन्य निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं।

**महापौर के 5 प्रत्याशी एक हजार का आकड़ा छू नहीं पाएं:** पार्षद प्रत्याशियों की तरह महापौर पद के लिए चुनाव लड़ने वाले 16 प्रत्याशियों में 5 प्रत्याशी ऐसे हैं जिन्हें एक हजार से कम वोट मिले है। जिन प्रत्याशियों को एक हजार से कम वोट मिले हैं, उनमें धूं सेना प्रत्याशी मीना तिवारी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी प्रिया शर्मा, शक्ति सेना से सविता बंजारे, निर्दलीय डा. आरती सोनवानी शामिल है।

